इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -172 | राजनांदगांव, गुरूवार 09 मई 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए









# एस्ट्राजेनेका ने बाजार से वापस मंगाई कोविड-19 वैक्सीन, खून का थक्का जमने व प्लेटलेट काउंट कम होने की शिकायतें दर्ज

लंदन। कोविड महामारी में दुनिया भर में वैक्सीन उपलब्ध कराने वाली ब्रिटेन की प्रमुख फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने इसे बाजार से वापस मंगाना शुरू कर दिया है। इसके वैक्सीन %वैक्सजेवरिया% के विरुद्ध खून का थक्का जमने और प्लेटलेट काउंट कम होने की कई शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं। हालांकि, कंपनी ने बयान में दावा किया है कि टीके का नया संस्करण उपलब्ध है, इसलिए पुराने स्टाक को मंगाना शुरू कर दिया गया है।

एस्ट्राजेनेका के सहयोग से ही भारत में सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया ने 'कोविशील्ड' टीका उपलब्ध कराया था। एस्ट्राजेनेका ने आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर कोविड-19 वैक्सीन विकसित किया था। इसे यूरोप में वैक्सजेवरिया और भारत में कोविशील्ड के नाम से उपलब्ध कराया गया था।

यूरोपीय संघ (ईयू) के दवा नियामक यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी ने मंगलवार को एक नोटिस जारी कर पुष्टि की कि वैक्सजेवरिया अब 27-सदस्यीय आर्थिक ब्लाक में उपयोग के लिए अधिकृत नहीं है।

कंपनी ने मार्च में ही वैक्सीन को वापस मंगाने का निर्णय कर लिया था। इसने कहा कि मार्केटिंग अथॉरिटी वैक्सजेवरिया की वापसी के लिए दुनिया भर के नियामक अधिकारियों के साथ काम कर रहा है।




### दुर्लभ मामलों में दुष्प्रभाव स्वीकार कर चुकी है कंपनी

वैश्विक मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इससे पहले एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया था कि उसके कोविड-19 टीके दुर्लभ मामलों में दुष्प्रभाव पैदा कर सकते हैं। जिसे थ्रोम्बोसिस विद थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) कहा जाता है। भारत में काविड-19 टीकों की 2.20 अरब से अधिक खुराकें दी गई हैं और उनमें से अधिकांश कोविशील्ड थीं। कोविशील्ड के दुष्प्रभाव को लेकर भी कुछ लोगों ने शिकायतें की थीं।

### वैश्विक स्तर पर तीन अरब से अधिक खुराक की हुई आपूर्ति

कंपनी ने कहा कि स्वतंत्र अनुमान के अनुसार, अकेले उपयोग के पहले वर्ष में 65 लाख से अधिक लोगों की जान बचाई गई और वैश्विक स्तर पर तीन अरब से अधिक खुराक की आपूर्ति की गई। कहा, हमारे प्रयासों को दुनिया भर की सरकारों ने मान्यता दी है और व्यापक रूप से इसे वैश्विक महामारी को समाप्त करने का एक महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। एस्ट्राजेनेका के दुष्प्रभाव को लेकर ब्रिटिश कोर्ट में कई केस चल रहे हैं।

### दिसंबर 2021 में ही आपूर्ति बंद कर

पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने बुधवार को कहा कि उसने दिसंबर 2021 में कोविशील्ड की अतिरिक्त खुराक का निर्माण और आपूर्ति बंद कर दी थी। एस्ट्राजेनेका ने स्वेच्छा से ÷विपणन÷ वापस ले लिया है। भारत में कोविशील्ड और यूरोप में वैक्सजेवरिया के नाम से बेची जाने वाली अपनी कोविड वैक्सीन को मंजूरी दे दी गई है।

## केजरीवाल की अंतरिम रिहाई पर सुको कल सुनाएगा फैसला

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट शराब घोटाले में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुना सकता है। बुधवार को जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने खुली अदालत में कहा कि वह सीएम केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के सवाल पर 10 मई को अपना फैसला सुनाएगी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने संकेत दिया था कि वह मौजूदा आम चुनाव को देखते हुए आप नेता को अंतरिम जमानत देने पर विचार कर सकती है। इसमें कहा गया कि यह एक असाधारण स्थिति है और सीएम केजरीवाल आदतन अपराधी नहीं हैं। जांच एजेंसी ने अंतरिम राहत देने का विरोध करते हुए कहा था कि यह एक गलत मिसाल कायम करेगा और राजनेताओं के पास सामान्य नागरिकों की तुलना में कोई विशेष अधिकार नहीं है। यह याचिका दिल्ली हाई कोर्ट के 10 अप्रैल के फैसले के खिलाफ दायर की गई थी, जिसमें ईडी की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज हो गई थी।

## 'सीएए को राहुल की नानी भी नहीं हटा सकतीं', अमित शाह बोले-वोट बैंक के लिए जिन्ना को महान बताते हैं अखिलेश



लखनऊ। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को हरदोई, लखीमपुर व कन्नौज की जनसभाओं में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

लखीमपुर में शाह ने कहा कि कांग्रेस तो नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) की विरोधी है, कहती है वह सत्ता में आई तो इसे खत्म करेगी। सीएए को राहुल क्या उनकी नानी भी नहीं हटा सकतीं। यहां भाजपा प्रत्याशी अजय कुमार मिश्र टेनी के लिए समर्थन में हुई जनसभा में शाह ने कहा कि अगर कहीं गलती से भी सपा या कांग्रेस आ गई तो राम मंदिर पर बाबरी ताला डलवा दिया जाएगा। जहां-जहां कांग्रेस की सरकार बनी है, चाहे वो कर्नाटक हो या फिर आंध्रप्रदेश, वहां पिछड़ा वर्ग के पांच फीसदी आरक्षण को काटकर मुस्लिम समाज को दे दिया गया है।

शाह ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर का जिक्र कर सपा और कांग्रेस को तुष्टीकरण की राजनीति करने वाला बताया। कहा कि वोट बैंक की खातिर राहुल गांधी और अखिलेश यादव मंदिर नहीं गए.. वह उस वोट बैंक से डरते हों, हम नहीं डरते।

उन्होंने कहा कि जब मैं लोकसभा में अनुच्छेद 370 हटाने की घोषणा कर रहा था, तब राहुल व अखिलेश ने विरोध किया और कहा कि खून की नदियां बह जाएंगी। पांच वर्ष हो गए, कहीं कंकड़ भी नहीं फेंका गया।

दोनों शहजादे आ गए तो राम मंदिर में बाबरी ताला लगा देंगे( कन्नौज में अमित शाह ने सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के समर्थन में जनसभा की। शाह ने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### अखिलेश को पुराने बयान पर घेरा

उन्होंने हरदोई से भाजपा प्रत्याशी जय प्रकाश व मिश्रिख से अशोक रावत और कन्नौज में सुब्रत पाठक के समर्थन में चुनावी सभा की। हरदोई में गृह मंत्री ने अखिलेश को वर्ष 2021 के बयान को लेकर घेरा, जब सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण करने आए हरदोई आए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मोहम्मद अली जिन्ना को महान नेता बताया था।

शाह ने कहा कि अपने वोट बैंक के लिए जो जिन्ना को महान नेता कहता हो, उसे क्या वोट देना चाहिए। अखिलेश यादव ढंग से इतिहास पढ़ो। भारत माता के दो टुकड़े करने वाले और कोई नहीं, बल्कि आप जिन्हें महान नेता बता रहे हो वही मोहम्मद अली जिन्ना थे।

## कांग्रेस-बीआरएस गठबंधन तुष्टिकरण की राजनीति का पर्याय है : पीएम मोदी



हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस-भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) गठबंधन भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति का पर्याय है और उनका शासन मॉडल 'शून्य शासन' का पर्याय है।

प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना के करीमनगर और वारंगल में सार्वजनिक सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह जरूरी है कि हम तेलंगाना को इस विनाशकारी गठबंधन से बचाने के लिए एकजुट हों।

श्री मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी दलों के बीच तुलना करते हुए बल देकर कहा कि भाजपा ने हमेशा राष्ट्र को सबसे पहले प्राथमिकता दी है जबकि तेलंगाना में कांग्रेस और बीआरएस दोनों पहले अपने परिवारों को प्राथमिकता देते हैं इसलिए कांग्रेस और बीआरएस के बीच अंतर करना बहुत कठिन है।

प्रधानमंत्री मोदी ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए टिप्पणी किया कि जब तेलंगाना का गठन हुआ, तब हमने बीआरएस पर भरोसा किया हालांकि, अपने परिवार के लिए बीआरएस ने तेलंगाना के परिवारों के सपनों को चकनाचूर कर दिया।

उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस के इतिहास को प्रतिबिंबित करता है क्योंकि आजादी के बाद देश ने कांग्रेस पर भरोसा किया लेकिन केवल वही पैटर्न दिखा- परिवार प्रथम। श्री मोदी ने कहा कि भले ही देश को नुकसान हो लेकिन उनकी परिवार प्रथम नीति सबसे पहले आती है, जो खेदजनक स्थिति को उजागर करती है।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पार्टी की क्रूरताओं को उजागर करते हुए कहा, कांग्रेस की परिवार प्रथम नीति के कारण पीवी नरसिम्हा राव जैसे नेताओं का अनादर हुआ। उनके निधन के बाद भी, उनके पार्थिव शरीर को कांग्रेस कार्यालय में प्रवेश नहीं करने दिया गया। यह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार थी जिसने श्री राव को भारत रत्न से सम्मानित किया और उनके योगदान का सम्मान किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार कांग्रेस-बीआरएस गठबंधन की पहचान है। उन्होंने कहा कि एक दूसरे पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने के बावजूद, वे एक ही सिंडिकेट का हिस्सा हैं। उन्होंने सवाल किया कि बीआरएस ने कांग्रेस पर 'वोट के बदले नोट' का आरोप लगाया था लेकिन क्या बीआरएस के सत्ता में रहने के दौरान कोई जांच हुई?

प्रधानमंत्री ने यह भी सवाल किया कि इसी प्रकार, कांग्रेस ने बीआरएस पर कालेश्वरम घोटाले का आरोप लगाया था लेकिन तेलंगाना में इतने लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद, क्या कांग्रेस ने इसकी कोई जांच की है? उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि दोनों दल एक ही भ्रष्टाचार सिंडिकेट में शामिल हैं।

कांग्रेस के दोहरे मापदंड पर तीखा हमला करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि सिर्फ पांच वर्ष पहले, वे अंबानी और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कुलगाम में टीआरएफ का तीसरा आतंकी भी ढेर



जम्मू। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में फिर हुई मुठभेड़ में तीसरा आतंकी भी सुरक्षाबलों ने मार गिराया। दोपहर को शुरू हुई मुठभेड़ में देर शाम तक गोलीबारी हुई। इस गोलीबारी में तीसरा आतंकी भी मारा गया। यह आतंकी करीब 72 घंटों से यहीं छिपकर बैठा हुआ था।

गौरतलब है कि यहीं पर लश्कर ए तैयबा के आतंकी मुखौटा संगठन टीआरएफ का शीर्ष आतंकी कमांडर बाशित डार सहित एक और आतंकी मारा गया था। डार पर दस लाख रुपए का इनाम था।

गौरतलब है कि सुरक्षाबलों को कुलगाम के रेडवानी पाईन इलाके में तीन आतंकियों के होने की सूचना मिली थी। इसमें से सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया था और एक की तलाश जारी थी। बुधवार को दोपहर में तीसरे आतंकी से भी संपर्क स्थापित हो गया है। इसके बाद हुई गोलीबारी में तीसरा आतंकी भी भारतीय सुरक्षाबलों ने मार गिराया है।

## कांग्रेस मुद्दाविहीन, चुनाव में दुर्गति हो रही - मुख्यमंत्री



रायपुर(दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ओडिशा दौरे के लिए रवाना हो गए हैं। रवानगी से पहले सीएम साय ने पुलिस ग्राउंड में पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि इनके पास कोई मुद्दा नहीं है। इस बार के चुनाव में कांग्रेस की और दुर्गति होने वाली है. इसके साथ ही दिग्विजय सिंह के ईवीएम पर उठाए गए सवाल पर भी जवाब दिया है।

सीएम विष्णुदेव साय ने तीसरे चरण के हुए चुनाव पर कहा कि लोकतंत्र के महापर्व का छत्तीसगढ़ में समापन हो गया है. अच्छा मतदान हुआ है. जिस तरह से हमने पूरे प्रदेश का दौरा किया है. विश्वास के साथ कह सकते हैं कि पूरी सीट हमारी पार्टी जीत रही है. सब तरफसे हमने फीडबैक लिया है. सोनिया गांधी के बेरोजगारी समेत अन्य मुद्दे उठाए जाने पर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि इनके पास कोई मुद्दा नहीं है. घूम फिर कर उसी में आ जा जाते हैं. इस बार के चुनाव में कांग्रेस की और दुर्गति होने वाली है।

कांग्रेस वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने ईवीएम पर जताई गई आपत्ति पर सीएम साय ने कहा कि जब जब हारते है। ईवीएम पर ठीकरा फोड़ते हैं और जब जीतते हैं तो सवाल नहीं करते हैं।

## आज जारी होंगे छत्तीसगढ़ 10वीं, 12वीं बोर्ड के नतीजे

रायपुर। छत्तीसगढ़ बोर्ड की कक्षा 10वीं, 12वीं रिजल्ट का इंतजार कर रहे करीब साढ़े छह लाख स्टूडेंट्स के लिए बड़ी खबर है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा 10वीं, 12वीं का रिजल्ट तैयार कर लिया है। सीजीबीएसई 10वीं, 12वीं का परीक्षा परिणाम गुरुवार 9 मई को दोपहर 12.30 बजे जारी करेगा। मंडल की सचिव पुष्पा साहू ने रिजल्ट घोषणा को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्?ट जारी होने के बाद सीजीबीएसई के आफिशियल वेबसाइट cgbse.nic.in, cg.results.nic.in या results.nic.in पर लिंक को एक्टिव कर दिया जाएगा। छात्र वहां रोल नंबर और संबंधित डिटेल के साथ अपना परिणाम चेक कर सकते हैं। गुरुवार को आने वाले सीजी बोर्ड के परिणाम को लेकर सीएम साय ने छात्रों को अग्रिम बधाई दी है, साथ ही कहा है कि अगर किसी कारण कोई बच्चे नंबर की दौड़ में उतने आगे नहीं भी बढ़ पाए हों, तो चिंता की बात नहीं है। निराश होने की आवश्यकता नहीं है। छत्तीसगढ़ सरकार आपके अभिभावक की तरह आपके साथ है। जीवन में सदैव आगे बढ़ें।

## स्टॉक मार्केट में पैसा लगाने के नाम कोचिंग संचालक से ठगे 1.88 करोड़ रुपये, व्हाट्सएप ग्रुप से बनाया शिकार

मुंबई। क्या आप भी स्टॉक मार्केट में पैसा लगाते हैं या पैसा लगाने की सोच रहे हैं तो ये खबर आपके लिए है। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक कोचिंग संचालक के साथ एक करोड़ से ज्यादा की धोखाधड़ी की गई है। कोचिंग संचालक ने अपने साथ हुए फ्रॉड की शिकायत पुलिस से की है।



शिकायत के अनुसार, कोचिंग क्लास संचालक के साथ शेयर ट्रेडिंग की आड़ में 1.88 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की गई। पीड़ित ने पुलिस को बुधवार बताया कि उसके साथ एक व्हाट्सएप ग्रुप का सदस्य बनाकर यह धोखाधड़ी की गई।

### व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर बनाया शिकार

एक अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता के अनुसार, एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे मार्च में व्हाट्सएप ग्रुप 'स्टॉक वैनगार्ड (एफ)' में जोड़ा था। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि व्हाट्सएप ग्रुप में 170 सदस्य थे और शेयर बाजार से संबंधित जानकारियां ग्रुप में डाली जाती थीं। जब पीड़ित ग्रुप से जुड़ गया तो उसके साथ स्टॉक से जुड़ी जानकारियां आने लगीं। आगे अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता को सलाह भरोसेमंद लगी और उसने कुछ शेयरों में पैसा निवेश किया, जिसके बाद उसे दूसरे समूह, 'स्टॉक-वैनगार्ड-वीआईपी' में जोड़ा गया।

### तीन लोगों किया संपर्क

शिकायतकर्ता ने कहा कि ईशा, दिव्या और राज रूपानी के रूप में खुद की पहचान बताने वाले तीन लोगों ने उससे संपर्क किया और उसका विश्वास हासिल करने के लिए उसे एक 'सेबी प्रमाणपत्र' दिखाया और कहा कि वह 'सीनवेन/आईसी सर्विसेज' नामक ऐप के माध्यम से निवेश करके भारी मुनाफा कमा सकता है। पीड़ित ने दावा किया कि उसने 1.88 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया, लेकिन जब उसने अपने पैसे वापस मांगे, तो कोई जवाब नहीं मिला। अधिकारियों ने बताया कि विठ्ठलवाड़ी पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## रंगभेद वाले बयान के बाद सैम पित्रोदा ने छोड़ा इंडियन ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष का पद



नई दिल्ली। सैम पित्रोदा ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनका इस्तीफा मंजूर भी कर लिया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, 'सैम पित्रोदा ने अपनी मर्जी से इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।'

### बयान से कांग्रेस की बढ़ गई थी मुश्किल

इससे पहले कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने कुछ ऐसा कह दिया था, जिसे लेकर बुधवार को विवाद खड़ा हो गया। उन्होंने कहा था कि देश के पूर्वी हिस्से के लोग चीनी और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी नागरिकों जैसे दिखते हैं। हम 75 साल से बहुत सुखद माहौल में रह रहे हैं, जहां कुछ लड़ाइयों को छोड़ दें तो लोग साथ रह सकते हैं। हम भारत जैसे विविधता से भरे देश को एकजुट रख सकते हैं। जहां पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं, पश्चिम के लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर के लोग गोरों और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी जैसे लगते हैं।

### कांग्रेस ने कर लिया था किनारा

पित्रोदा के बयान से खुद को अलग करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा था कि सैम पित्रोदा की ओर से भारत की विविधताओं को जो उपमाएं दी गई हैं, वह गलत और अस्वीकार्य हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से अपने आप को पूर्ण रूप से अलग करती है।

### भाजपा और पीएम मोदी ने साधा था निशाना

भाजपा ने भी पित्रोदा की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा था। पार्टी ने कहा था कि जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव आगे बढ़ रहा है, विपक्षी पार्टी का मुखौटा उतरता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पित्रोदा के विवादास्पद बयानों को कांग्रेस की विभाजनकारी मानसिकता करार दिया था।

उन्होंने सवाल किया कि क्या तमिल संस्कृति और गौरव के लिए द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अपने सहयोगी इस प्रमुख विपक्षी पार्टी से नाता तोड़ेगी? पीएम मोदी ने कहा कि एक बड़े नेता ने कांग्रेस की विभाजनकारी मानसिकता प्रदर्शित की है। गांधी परिवार के करीबी और शहजादे के सबसे बड़े सलाहकार ने जो कहा वह बहुत शर्मनाक है।

## पांच साल में चार गुना बढ़ा विदेश जाकर ग्रेजुएट करने वाले छात्रों का आंकड़ा, यूएस-यूके पहली पसंद

भोपाल। बेहतर जीवन स्तर और आकर्षक सैलरी पैकेज की बढ़ती चाह के चलते बड़ी संख्या में भारतीय छात्र विदेश जा रहे हैं। 12वीं के बाद दूसरे देशों से ग्रेजुएट करने वाले छात्रों का यह आंकड़ा भोपाल में पिछले पांच वर्षों में चार गुना हो गया है। एब्रोड एजुकेशन के इस बदलते ट्रेंड से पहले अधिकतर छात्र सिर्फ पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए विदेश जाते थे, लेकिन अब स्कूल एजुकेशन पूरी होने के तुरंत बाद बेहतर भविष्य की संभावनाओं के लिए विकसित देशों का रुख किया जा रहा है।

अमेरिका में पढ़ाई सबसे महंगी

सभी देशों की तुलना में अमेरिका की पढ़ाई सबसे महंगी है। ओवरसीज एजुकेशन कंसल्टेंट मणि मिश्रा के अनुसार यूएस में ग्रेजुएशन कोर्स के लिए एक करोड़ रुपये तक खर्च किए जाते हैं। वहीं पोस्ट ग्रेजुएशन 50 से 60 लाख रुपये में होती है। यूके में पढ़ाई का खर्च चार गुना तक कम हो जाता है। साथ ही कनाडा और आस्ट्रेलिया में भी अमेरिका की तुलना में आधे से कम खर्च आता है।



मणि मिश्रा (ओवरसीज एजुकेशन कंसल्टेंट) ने बताया कि भारत की तुलना में अमेरिका में ग्रेजुएट युवाओं को चार से पांच गुना तक सैलरी दी जाती है। इसके अलावा इन सभी देशों की नीतियां भी छात्रों के हित में हैं। वहां जॉब आफरिंग के साथ छात्रों को शासन-प्रशासन का पूरा सहयोग मिलता है। कई देशों ने बाहर से आने वाले छात्रों की सुविधाओं के लिए कुछ विशेष नीतियां भी बनाई हैं।

12वीं के बाद विदेश जाकर पढ़ाई करने में आइसीएसई बोर्ड के छात्र अव्वल

छात्रों के विदेश में पढ़ाई करने का मुख्य कारण पैरेंट्स का माइंडसेट भी है, वे बच्चों को शुरुआत से ही आईसीएसई (इंडियन सर्टिफिकेट आफ सेकेंडरी एजुकेशन) के स्कूलों में प्रवेश करवाते हैं, ताकि बच्चे अंतराराष्ट्रीय स्तर की पढ़ाई से परिचित हो सकें। आईसीएसई बोर्ड में पढ़ाई प्रैक्टिकल तरीके से की जाती है। जबकि सीबीएसई में थ्योरी ज्यादा होती है। अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में भी पढ़ाई प्रैक्टिकल रुप से ही की जाती है। इससे छात्रों को विदेशी पढ़ाई को समझने में आसानी होती है। आईसीएसई बोर्ड के करीब 60 तो वहीं सीबीएसई बोर्ड के लगभग 40 प्रतिशत छात्र भोपाल से विदेश जाकर पढ़ाई करते हैं।

### विभिन्न देशों के अनुसार प्रचलित कोर्स

अमेरिका-डेटा साइंस, इंजीनियरिंग एवं अन्य तकनीकी कोर्स, यूके- इकोनॉमिक्स, लिटरेचर एवं आर्ट सहित अन्य थ्योरी कोर्स, कैनडा- मैनेजमेंट, आईटी एवं तकनीकी कोर्स, रुस- मेडिकल कोर्स, आस्ट्रेलिया- आर्किटेक्चर, नर्सिंग तथा आटोमोटिव कोर्स, ग्रेजुएशन के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या पांच वर्ष पूर्व- 2500 (लगभग) वर्तमान में- 10 हजार (लगभग), पोस्ट ग्रेजुएट के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या- पांच वर्ष पूर्व- 8 हजार (लगभग) वर्तमान- 12 हजार युवाओं को लुभाता है आकर्षक सैलरी पैकेज अत्यधिक महंगी पढ़ाई के बाद इन देशों में सैलरी पैकेज भी काफी आकर्षक होता है।

करियर काउंसलर मनीषा मिश्रा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# फिर चरमराई शहर की सफाई व्यवस्था, जगह-जगह कूड़े कचरों का अंबार





राजनांदगांव (दावा)। शहर में एक बार फिर साफ-सफाई व्यवस्था पटरी से उतर गई है। इसके चलते जगह-जगह कूड़े-कचरे का अंबार देखा जा रहा है। इसी तरह नालियों का समुचित रूप से साफ सफाई नहीं हो रहा इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। एक तो वैसे ही भीषण गर्मी के चलते लोग परेशान है। उपर से मच्छरों का हमला लोगों को चैन से बैठने नहीं दे रहा। मंगलवार को देर शाम हवा-तूफान के साथ बारिश की स्थिति बनी रही। इससे लोगों को थोड़ी राहत मिली लेकिन बारिश के बाद नालियां चोक होने के चलते गंदा पानी पास नहीं होने से नालियां संडाधे मारती रही। इसमें सबसे ज्यादा बूरी हालत नंदई चौक के समीप के नाले व मुक्कड़ की रही। डीसी जैन के घर के समीप पड़ने वाला उक्त नाला कचरे से भरा पड़ा है। आसपास वालों ने बताया कि इस बजबजाते नाले का पानी पारस फर्नीचर की ओर पड़ने वाले नाले में से पास नहीं हो पाता। इसके कारण गंदगी से भरा रहता है। जिससे असहनीय बदबू उठती है। समीप ही बैठने वाले मोची ने बताया कि स्वयं आयुक्त इसका निरीक्षण कर जा चुका है लेकिन इसका समाधान नहीं हो सका है। उक्त गंदगी से बजबजाते नाले का गंदा पानी पास नहीं होने के कारण नाला उपर तक लबालब भरा रहता है। इसी तरह जिला चिकित्सालय के समीप पड़ने वाले नाला हमेशा गंदगी से भरे होने के कारण आसपास में प्रदूषण की स्थिति बनी रहती है। चूंकि जिला अस्पताल नजदीक ही है। इसलिए मरीजों की सुरक्षा दृष्टि से उक्त प्रदूषण बीमारी को बढ़ाने वाला साबित हो सकता है।

### बजबजाती नालियों व कचरों से बढ़ा मच्छरों का प्रकोप

बता दे कि नंदई चौक हाट बाजार क्षेत्र रानी सागर से जिला चिकित्सालय जाने वाले रोड के नुक्कड़ो में हमेशा कचरे का अंबार बना रहता है जहां मवेशी चारे की लालच में वहा थूथन मारकर कचरों को सड़क तक फैलाए रखते है। इससे कचरे उड़-उड़ कर आसपास के घरों में प्रवेश कर जाता है। नंदई चौक में तो प्रायः कचरों का टीला ही देखा जाता है। वहीं नालिया दुर्गन्ध से बजबजाती नजर आती है। इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ना भी एक अहम कारण है। लोगों का कहना है कि शहर की बजबजाती नालियों की नियमित सफाई व दवाईयों का छिड़काव नहीं होने के कारण मच्छरों की भरमार हो गई है। सफाई व्यवस्था के चरमराने से गंदगी का आलम बना हुआ है जिससे वातावरण प्रदूषित हो रहा है।

### 0 जनप्रतिनधि गंभीर नहीं

बताते चले कि शहर के 51 वार्ड में से 27 वार्ड सफाई ठेके में दिए गए है। इसके लिए कुल 284 कर्मचारियों की सेवाएं ली जा रही है। प्रत्येक वार्ड में लगभग 10 से 15 सुपरवाइजर है। इसके बाद भी सफाई व्यवस्था सुधरती नजर नहीं आ रही। वार्ड में बनी सफाई की समस्या की ओर वार्ड पार्षद भी ध्यान देते नजर नहीं आते जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। शहर में सफाई व्यवस्था चरमराने से मच्छर-मक्खी के प्रकोप बढ़ गए है। वही कचरों का समुचित उठाव नहीं होने व नालियॉ गंदगी से भरी होने की वजह से प्रदूषण की भी समस्या बनी हुई है। जो स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। जिससे लोगों का शरीर बीमारी का परवन रहा है।

# बीरनपुर फाइल्स के निर्माता और कलाकारों पर हमला, कार की गाड़ी का शीशा टूटा, मिल रही धमकियां




बालोद (दावा)। छत्तीसगढ़ की बहुचर्चित बिरनपुर हिंसा मामले को लेकर बालोद जिले के कलाकारों द्वारा इस पर एक फिल्म का निर्माण किया जा रहा है, जिसका नाम है बिरनपुर फाइल्स। जिसमें बालोद जिले के गुंडरदेही के रहने वाले अभिनेता पवन गांधी फिल्म में मुख्य कलाकार की भूमिका में हैं। वह ईश्वर साहू की भूमिका बड़े पर्दे पर निभाएंगे। ऐसे में एक बड़ी घटना इस फिल्म को लेकर सामने आ रही है जहां फिल्म के कलाकार पवन गांधी और निर्माता हेमलाल चतुर्वेदी की कार पर हमला हुआ है।

### रायपुर से बेमेतरा जाते वक्त हमला

कलाकार पवन गांधी ने बताया कि जब हम प्रेस वार्ता में शामिल होने जा रहे थे और हसदा में रुके हुए थे तब दोपहिया सवार लोग आए जिन्होंने हमारी गाड़ी पर पथराव किया उन्होंने कहा कि हमे बीरनपुर फाइल्स को रिलीज ना करने संबंधित धमकी देते हुए देख लेने की बात कही निर्माता और अभिनेता ने संबंधित बेरला थाने में पूरी घटना की जानकारी देते हुए शिकायत दर्ज करा दी है अब देखना यह होगा यह घटना बीरनपुर फाइल्स को किस तरह प्रभावित करती है।

### बहुत से अनसुने पहलू आएंगे सामने

बालोद जिले के पवन गांधी इस फिल्म में मुख्य किरदार निभा रहे हैं उन्हें के माध्यमों से धमकियां भी मिल चुकी है। उनकी गाड़ी पर हुए हमले से वह डरे हुए हैं उन्होंने बताया कि बिरनपुर फाइल्स के लिए हमने सरकार से अनुमति लेकर इस फिल्म का निर्माण करने जा रहे हैं। मामले में सीबीआई की जांच भी शुरू हो चुकी है ऐसे में पता नहीं लोग इस फिल्म को लेकर क्या सोच रहे हैं, क्या एक वर्ग विशेष के लोग इस फिल्म को रोकना चाहते हैं उन्होंने कहा कि हम इस फिल्म को रिलीज करके रहेंगे। पवन गांधी ने बताया कि इस घटना को लेकर कई पहलू हैं वह जनता के बीच आने चाहिए। हम इस फिल्म में विधायक ईश्वर साहू के संघर्ष को भी दिखाने की पूरी कोशिश करेंगे।

# किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज एवं खाद सहज उपलब्ध कराएं - कलेक्टर

### कलेक्टर ने खरीफ फसल के दृष्टिगत जिले में खाद-बीज भण्डारण एवं वितरण के संबंध में की समीक्षा



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने खरीफ फसल के दृष्टिगत जिले में खाद-बीज भण्डारण एवं वितरण के संबंध में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की बैठक लेकर समीक्षा की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने खाद-बीज के भंडारण और किसानों को किए जा रहे वितरण की जानकारी ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में लक्ष्य के अनुरूप खाद-बीज का भण्डारण हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी सोसायटी में पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तायुक्त बीज का भंडारण रखें और किसानों की मांग पर बीज का वितरण किया जाए। उन्होंने समय-समय पर बीज की गुणवत्ता को जांच करने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज एवं खाद सहज उपलब्ध हो जाना चाहिए। उन्हें खाद-बीज के लिए दोबारा सोसायटी आने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को अनावश्यक खाद-बीज के लिए दिक्कत नहीं होना चाहिए। उन्होंने जिन सोसायटियों में खाद-बीज उपलब्ध नहीं है वहां तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जैविक खेती से होने वाले फायदे के संबंध में किसानों को जागरूक करने कहा। उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए गांव-गांव में जाकर किसानों को प्रोत्साहित करने कहा। जैविक खेती के उत्पाद स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से लाभप्रद है। इसके फायदे किसानों को बतायें। इसके साथ ही मिट्टी की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होती है। रासायनिक खेती के दुष्परिणाम एवं हानि से किसानों को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि रासायनिक खेती से भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती है। अच्छी गुणवत्ता की पैदावार नहीं हो पाती है। कम मात्रा में पैदावार होती है। जिससे किसानों की आय में कमी होती है। उन्होंने किसानों को अच्छी गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने कहा। इसके साथ किसानों को पैदावार बढ़ाने के संबंध में सलाह देने कहा। जिससे किसानों के आय में वृद्धि होगी। बैठक में उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नया ढाबा में पानी संकट गहराया

### भीषण गर्मी में पानी के लिए मची त्राही-त्राही



राजनांदगांव(दावा)। शहर के नया ढाबा में इन दिनों पानी का संकट गहराया हुआ है। वार्ड में लोगों को भीषण गर्मी में पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। वार्डवासियों की माने तो नया ढाबा के नलों में पानी की धार नहीं के बराबर है। इससे पानी की किल्लत बनी हुई है। वही नल खुलने का समय भी निश्चित नहीं होने के कारण खासकर महिलाओं को गुंडी-बाल्टी लेकर नलों का घंटो मुंह ताकना पड़ता है। बताया गया कि वार्ड में नल कभी 7 बजे तो कभी 10 बजे खुलता है। जब तक के मजदूर वर्ग के लोग अपनी रोजी-रोटी कमाने चले जाते है। शाम को आने के बाद भी नलों में पर्याप्त रूप से पानी आना निश्चित नहीं रहता। लोग पानी के लिए परेशान है। वार्ड के स्त्री-पुरूष व बड़े-बुजुर्गों से लेकर छोटे-छोटे बच्चे भी पानी के लिए गुंडी-बाल्टी व प्लास्टिक के डूम आदि लेकर भटकते नजर आते है। कभी-कभी तो लोगों को भरी दोपहरी में पानी के लिए टैंकरों का इतजार करते देखा गय है। इसी तरह सोनार पारा में बनी जल संकट की समस्या का अब तक निदान नहीं हो पाया है। सोनारपारा, दीवान पारा के लोग अभी भी टैंकरों के सहारे बने हुए है। नलों में पानी नहीं आने व देर-सबरे खुलने सहित नलों की धार पतली होने के चलते भीषण गर्मी में लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

# व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की विभिन्न प्रवेश एवं पात्रता परीक्षाओं की तिथियों में संशोधन




रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न प्रवेश एवं पात्रता परिक्षाओं की परीक्षा तिथियों में संशोधन किया गया है।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल से प्राप्त जानकारी के अनुसार अन्य केन्द्र स्तरीय परीक्षाओं की तिथि घोषित होने के परिणाम स्वरूप पी.ए.टी/पी.व्ही.पी.टी., बीएससी (कृषि), बीएससी (उद्यानिकी), पशुपालन में डिप्लोमा और मत्स्यिकी विज्ञान में डिप्लोमा, प्री.बी.ए.बी.एड. और प्री बी.एससी बी.एड. की परीक्षाएं अब 09 जून 2024 को होगी। पूर्व में इन परीक्षाओं के लिए 16 जून की तिथि निर्धारित की गई थी।

इसी प्रकार बी.एससी नर्सिंग-2024, पोस्ट बेसिक नर्सिंग-2024 एवं एम.एस.सी. नर्सिंग-2024 की परीक्षा 14 जुलाई 2024 को आयोजित की जाएगी। पूर्व में इन परीक्षाओं के लिए 07 जुलाई की तिथि निर्धारित की गई थी। अन्य प्रवेश परीक्षा का अद्यतन कार्यक्रम इस प्रकार निर्धारित किया गया है। पी.ई.टी-2024, प्री.एम.सी.ए.-2024 एवं पी.पी.एच.टी.-2024 की परीक्षा 13 जून को होगी। पी.पी.टी. 2024, टीईटी-2024 पात्रता परीक्षा 23 जून 2024 को और प्री.बी.एड.-2024 और प्री.डी.एल.एड.-2024 की परीक्षा 30 जून को होगी।

# समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा की

### ० सभी विभाग प्रमुखों को मासिक समीक्षा बैठक लेकर कार्यवाही विवरण प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

बालोद (दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान के कार्य संपन्न होने के पश्चात् अपने-अपने विभागों के कार्यों में कसावट एवं गति लाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को आम जनता के हित में शासकीय कार्यों का संपादन पूरी निष्ठा एवं तत्परता के साथ करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधिनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की प्रत्येक माह मासिक समीक्षा बैठक लेकर इसकी कार्यवाही विवरण भी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिससे कि निर्धारित समयावधि में शासकीय कार्यों का संपादन कर आम जनता को उसका लाभ सुनिश्चित कराई जा सके। चन्द्रवाल ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले में सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की। इसके लिए उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं संयुक्त कलेक्टर अजय किशोर लकड़ा सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने विभिन्न विभागों के कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए जिले में निस्तारी एवं पेयजल हेतु समुचित मात्रा में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी प्रकरणों का निराकरण शीघ्र सुनिश्चित कराने को कहा। नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जिले के सभी नगरीय निकायों में समुचित साफसफाई के अलावा पेयजल आदि बुनियादी व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराने के निर्देश दिए।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा आज आम जनता के हित में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य एवं उपलब्धि के संबंध में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कुल स्वीकृत पदों के विरूद्ध वर्तमान में उपलब्ध मानव संसाधनों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्रक्रिया जारी होने की जानकारी भी दी। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत अधोसंरचना से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार भीड़ भरा तीसरा सप्ताह रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
प्रणव झा प्रॉडक्शन कृत
बी.ए. फाईनल ईयर
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दादू साहू, अंजली चौहान, राजेश बाघमारे, जयंती मनहर आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
04th May To 09th May 2024




The Fall Guy (Hindi) - 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Pyar ke do Naam- 12:30 pm
BA Final Year (C.G) - 12:00, 03:00, 06:00 & 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
1-4-7
116-8 670-3
राजधानी
2-5-8
577-9 349-6

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# जिला ग्रंथालय बालोद में आवश्यक व्यवस्था एवं जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी : कलेक्टर

### ० इंजीनियर ताराचंद साहू ने ग्रंथालय को दान की किताबें

बालोद(दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि जिला ग्रंथालय बालोद में अध्ययन-अध्यापन हेतु आने वाले लोगों को आवश्यक सुविधा एवं अनुकूल परिवेश प्रदान करने हेतु जिला ग्रंथालय में सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। चन्द्रवाल आज प्रेस क्लब बालोद द्वारा जिला ग्रंथालय में प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विद्यार्थियों के लिए पाठ्य पुस्तक दान करने के संबंध में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे।

चन्द्रवाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों की मांग पर जिला ग्रंथालय में सीसीटीवी कैमरा एवं वाटर कूलर लगाने तथा ई-लाईब्रेरी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर इंजीनियर ताराचंद साहू के द्वारा छत्तीसगढ़ एवं यूपीएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए जिला ग्रंथालय में हिन्दी एवं अग्रेंजी माध्यम की किताबे भी दान की। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी, एसडीएम शीतल बंसल, जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, प्रेस क्लब बालोद के अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विद्यार्थियों के लिए पुस्तक दान करने के लिए इंजीनियर ताराचंद साहू का मुक्तकंठ से सराहना करते हुए उनके इस कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इसके लिए उन्होंने हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि जिला प्रशासन की मंशा है कि जिला ग्रंथालय बालोद में प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े नवयुवकों की संख्या में वृद्धि होनी चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने नगर के नर्सिंग अस्पताल के संचालक डॉ. तारेश रावटे की जिला ग्रंथालय के प्रति योगदान की भी सराहना की। चन्द्रवाल ने जिला ग्रंथालय की व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने तथा जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी बात कही। कलेक्टर ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से जिला ग्रंथालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जिला ग्रंथालय की व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु योजना बनाने को कहा। जिससे की व्यवस्था में सुधार हेतु आवश्यक कदम उठाई जा सके। इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विद्यार्थियों को इंजीनियर ताराचंद साहू द्वारा दान की गई किताबों की प्रति भेंटकर उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े सभी युवा-युवतियों को कड़ी मेहनत करते हुए लक्ष्य हासिल कर अपने माता, पिता एवं जिले का नाम रोशन करने को कहा। इस अवसर पर इंजीनियर ताराचंद साहू तथा नर्सिंग अस्पताल बालोद के संचालक डॉ. तारेश रावटे ने भी अपना अनुभव साझा करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के दौरान आने वाली कठिनाईयों एवं चुनौतियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने तथा कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब बालोद के मीडिया प्रभारी टीकम पिपरिया ने किया। कार्यक्रम में दीपक मित्तल, रूपचंद जैन, टीकम पिपरिया, लक्ष्मण देवांगन, प्रकाश उपाध्याय, शिव जायसवाल, जयकरण परिहार, अखिल साहू, लक्की अरोरा, ग्रंथालय के प्रभारी लोकेंद्र बघेल, बीआरसी बालोद जितेंद्र गजेंद्र सहित प्रेस क्लब के अन्य पदाधिकारी एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव(छ.ग.)**
**ईश्तहार**
राजस्व मामला क्रमांक 202405093700012 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती भारती सोनी ध.प. अशोक कुमार सोनी एवं अन्य, निवासी ठेठवार पारा, बालगोविंद चौक, राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला बसंतपुर स्थित शीट क्रमांक 27 डी, भूखण्ड क्रमांक-89/3, क्षेत्रफल 112.00 वर्गमीटर जो धारक संगीता ध.प. संजीव गुप्ता, निवासी-हमालपारा, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी **तारीख 27.05.2023** को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी।

यह उद्घोषणा आज **दिनांक** 08.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगांव**

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव(छ.ग.)**
**ईश्तहार**
राजस्व मामला क्रमांक 202403093700026 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार सोनी आ. धनराज सोनी, निवासी ठेठवार पारा, वार्ड नं. 36, राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला ठेठवारपारा स्थित शीट क्रमांक 49 ए, भूखण्ड क्रमांक- 190, क्षेत्रफल 58.00 वर्गमीटर जो धारकगण भंवरलाल आ. धनराज, अशोक कुमार आ. धनराज सोनी निवासी-ठेठवारपारा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत हकत्याग-पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी **तारीख 27.05.2023** को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी।

यह उद्घोषणा आज **दिनांक** 08.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगांव**

# गायत्री विद्यापीठ में 500 एनसीसी कैडेट्स को पढ़ाया गया यातायात का पाठ



राजनांदगांव (दावा)। शहर के ट्रेफिक विभाग द्वारा केसर नगर स्थित गायत्री विद्यापीठ स्कूल के बच्चों को यातायात का पाठ पढ़ाया गया। जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर सहायक उप निरीक्षक येनलाल चन्द्राकर आरक्षक सुकदेव साहू, रूपेन्द्र वर्मा व सोमेश सिंह द्वारा एलजीएम गायत्री विद्यापीठ स्कूल में लगभग 500 एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही केडेटो को वाहन चलाते समय रोड में चलने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियॉ एवं सड़क दुर्घटना से होने वाले नुकसान एवं उनसे बचने के उपाय के बारे में बताया गया। यातायात पुलिस ने शहर व गांव - देहात सहित समस्त आम जनता से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें एवं सुरक्षित रहे।

# आज के जीवन में जरूरी है माइंड मैनेजमेंट की-सुधाकर मुनि

## शांतिपूर्ण जीवन के लिए यह जरूरी है कि हमारा माइंड पीसफुल पॉजिटिव और पावरफुल हो



राजनांदगांव (दावा)। युग प्रधान गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री सुधाकर जी ने आज यहां कहा कि आज के जीवन में माइंड मैनेजमेंट की बहुत ज्यादा जरूरत है। माइंड यदि शांत है तो जीवन में सब कुछ अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि जीवों का आधार जिस तरफ प्रकृति और धरती है, वैसे ही जितने भी तीर्थंकर हुए हैं और होंगे उनका आधार शांति है। धर्म का पहला सूत्र है शांति जीवन।

तेरापंथ भवन में आज अपने प्रवचन के दूसरे दिन उन्होंने कहा कि शांति और अशांति के बीज हमारे भीतर ही हैं। अब सवाल यह उठना है कि हम किसे पसंद करते हैं शांति को या अशांति को। जीवन में आज किसी मैनेजमेंट की जरूरत है तो वह है मूड मैनेजमेंट की। मूड और माइंड मैनेजमेंट दोनों एक दूसरे के साथ है। उन्होंने कहा कि मस्तिष्क सबसे शक्तिशाली है क्योंकि हम कोई भी क्रिया करते हैं तो वह कमांड मस्तिष्क को देता है। उन्होंने कहा कि आप अपनी भावनाओं पर नियंत्रण नहीं कर सकते तो यह मान लीजिए कि आपके पास आपका नियंत्रण नहीं है। आपके इमोशन पर आपका नियंत्रण होना चाहिए।

मुनि श्री ने कहा कि धर्म हमें सामायिक सिखाता है। सामायिक स्वयं को देखना, जानना और स्वयं को विपरीत परिस्थितियों में भी कैसे पेश करें, यह सिखाता है। धर्म सिखाता है आपका पीसफुल माइंड कैसे हो। दो मिनट का गुस्सा भी आपकी जिंदगी तबाह कर सकता है। यह गुस्सा हंसते खेलते परिवार को वीराने में बदल देता है। जीवन एक संग्राम है। परिस्थितियां तो बदलती रहती है। माइंड को पीसफुल बनाना है तो क्रोध को हमें दूर रखना होगा। विवाद जिंदगी को नर्क बनाता है और संवाद जिंदगी को स्वर्ग बनाता है। परिस्थितियां कैसी भी हो ,अपने मन को संदेश दें कि जीव शांत रहे।

मुनि श्री सुधाकर ने कहा कि पीसफुल माइंड, पॉजिटिव माइंड होने पर ही हो सकता है। आप अपने मस्तिष्क को सकारात्मक सोच दें। हम दूसरों को पॉजिटिव देखते हैं तो हमारा जीवन भी पॉजिटिव हो जाता है। पॉजिटिव सोच जीवन में शांति लाता है। उन्होंने कहा कि समय बदलेगा, लोग बदलेंगे परंतु हमें अपने शांतिपूर्ण विचार को नहीं बदलना चाहिए। सकारात्मक रहने के लिए पीछे का जिक्र एवं आगे की फिक्र नहीं करनी चाहिए। पीसफुल और पॉजिटिव माइंड होने पर हमारा माइंड स्वयं ही पावरफुल हो जाएगा। शांतिपूर्ण जीवन के लिए यह जरूरी है कि हमारा माइंड पीसफुल, पॉजिटिव और पावरफुल हो। इससे पहले मुनि श्री नरेश ने कहा कि धर्म अजर-अमर एव अविनाशी है। जीवन तभी आनंद देता है जब मन में करुणा और दया का भाव हो।

# कलेक्टर ने धीरी परियोजना का किया निरीक्षण



- कलेक्टर की पहल पर दुर्ग जिले से समन्वय करते हुए डूडा एनीकट के निर्माणाधीन कार्य को पूर्ण करने से मिला सुखद परिणाम
- नदी से पानी लेकर उसका ट्रीटमेंट कर 24 गांवों में की जा रही जल की आपूर्ति
- खाद एवं बीज लेने के लिए आ रहे किसानों को नहीं होना चाहिए समस्या, किसानों के समय की हो बचत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज राजनांदगांव स्थित धीरी परियोजना का निरीक्षण किया। इसके कुछ दिनों पहले कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ग्राम ईरा में इंटकवेल का अवलोकन किया था, जहां पानी नहीं था। उन्होंने दुर्ग जिले से समन्वय करते हुए व्यक्तिगत तौर पर पहल की और दुर्ग जिले में डुडा एनीकट के निर्माणाधीन कार्य को पूर्ण कराने के लिए कहा, जिसका सुखद परिणाम मिला। धीरी परियोजना में अब पानी की समस्या नहीं है और जल से भरा हुआ है। इस परियोजना के तहत नदी से पानी लेकर उनका ट्रीटमेंट कर 24 गांवों में जल की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने इस दौरान ग्राम धीरा, सांकरा, धीरी और सोमनी में ग्रामीणों से पेयजल के संबंध में चर्चा की। ग्रामवासियों ने बताया कि कुछ स्थानों में पानी की समस्या है। गांव में ट्यूब पम्प लगे होने के कारण जल का स्तर नीचे चला गया है और कुछ घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। कलेक्टर ने पंचायत एवं पीएचई विभाग की टीम को ग्रामों में निरीक्षण कर समाधान करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 28 करोड़ 77 लाख 44 हजार रूपए की लागत से निर्मित धीरी परियोजना से 24 गांव में पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ग्राम सोमनी, खुटेरी, ठेकवा, ठाकुरटोला, मनकी, तोरनकट्टा, सुंदरा, ईरा, सांकरा, धीरी, फरहद, ककरेल, महुआभाठा, परमालकसा, अचानकपुर भाठापारा, बैगाटोला, नवागांव, फुलझर, बिरेझर, इंदावानी, टेड़ेसरा, कोपेडीह, मगरलोटा, देवादा लाभान्वित हो रहे हैं। इन ग्रामों में उच्चस्तरीय जलागार बनाया गया है।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सेवा सहकारी समिति सोमनी का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित किसानों से चर्चा की तथा काउंटर पर खड़े होकर खाद एवं बीज लेने के लिए आए किसानों की प्रक्रिया को देखा। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को दिक्कत नहीं होनी चाहिए। बैंक में किसानों को कम समय लगे इस बात के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी समीर शर्मा, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन जीडी रामटेके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा नेता सुमीत भाटिया का आरोप, झूठ बोल रहा है निगम प्रशासन



**वार्ड 19 वर्धमान नगर में सड़क निर्माण में गुणवत्ताविहीन काम का है मामला**

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के शहर उपाध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया ने नगर निगम प्रशासन को आड़े हाथ लेकर आरोप लगाया है कि निगम द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में निगम द्वारा सरासर झूठ बोला जा रहा है कि वार्ड 19 वर्धमान नगर में निर्माणाधीन सड़क बाईक शो रूम की वजनी गाड़ियों के आवाजाही से रोड में दरार पड़ी है। बल्कि सच्चाई यह है कि ठेकेदार द्वारा गलत व भ्रष्टाचार तरीके से निर्माण किया जा रहा है। इसलिए सड़क में ना सिर्फ दरार आई है बल्कि निर्माणाधीन सड़क अभी से उखड़ने लगा है। और निगम के अफसर संबंधित ठेकरेदार को बचाने का काम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उन भ्रष्ट अधिकारियों के संरक्षण में ही ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य मे भ्रष्टाचार किया जा रहा है। भाजपा नेता सुमीत का कहना है कि निगम के आयुक्त व अधिकारियों को चाहिए था कि इस सड़क निर्माण कार्य का वर्धमान नगर में जाकर निरीक्षण करें ताकि वहां की वस्तुस्थिति पता चल सके। अपने कार्यालय में एसी में बैठकर भ्रष्ट ठेकेदार को बचाने निगम द्वारा इस तरह का बयान दिया जा रहा है। सुमीत ने निगम आयुक्त को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सड़क निर्माण कार्य में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही नही की गई, तो वह वार्डवासियों के हित में वार्डवासियों के साथ मिलकर निगम प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी निगम की होगी।

# संगीत के महान गुरु पं. मोहन भाई राठोड का मनाया गया 84 वां जन्म महोत्सव



रायपुर (दावा)। वृंदावन हॉल सिविल लाइन रायपुर छत्तीसगढ़ में 6 मई को संगीत के महान गुरु पं. मोहन भाई राठोड का 84वां जन्म महोत्सव मनाया गया। इस संगीत के भव्य कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के संगीत के पुरोधाओं ने किया शिरकत जिसमें पद्मश्री डॉ.भारती बंधु, पद्मश्री पं. मदन चौहान, कीर्ति व्यास, पं. सुधाकर शिवलीकर तथा डॉ. सतीश इंदुरकर ने मंच से स्वरांजली दी। श्रीमती अभ्रदिता बैनर्जी, त्रिवेंद्रम ने भी गजल सुनाई। प्रतिष्ठित कवि गिरीश पंकज ने अपनी कविता से ब्रम्हलीन गुरूजी का साक्षात दर्शन करवाया। पुरोधा संगीत के वरिष्ठ नागरिकों को भी दिया गया सम्मान जिसमें पंडित कीर्ती व्यास, पद्मश्री पंडित मदन चौहान, पद्मश्री डॉ.भारती बंधु, डॉ.सतीश इंदुरकर, डॉ चित्तरंजन कर, गिरीश पंकज, रमेश पालकर, कमल मुखर्जी, विश्वजीत चक्रवर्ती, प्रणव पाल, सत्यम मुदलियार, सुश्री नीती दास, सुश्री नंदिता तिवारी, श्रीमती सुधा गिजरे, श्रीमती शकुंतला तरार को भी मंच से सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ के शास्त्रीय संगीत जगत में नवाचार के माध्यम से पंडित मोहन भाई संगीत सेवा संस्थान रायपुर संगीत सेवा में अत्यंत महत्वपूर्ण आयाम रचने जा रहा है जिसकी शुरुआत की गई वरिष्ठ संगीत सम्मान लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड देकर। यह अवार्ड इस साल पंडित सुधाकर शिवलीकर को उनके संगीत में किए गए महानतम कार्यों के लिए दिया गया। यह संगीत संस्थान भविष्य में स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप प्रोग्राम, संगीत के वर्कशॉप तथा सेमिनार, संगीत की राष्ट्रीय प्रतियोगिता, संगीत म्यूजिक थेरेपी, संगीत मैराथन जैसे अत्यंत महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट पर कार्यरत है जिसकी घोषणा भी इस कार्यक्रम के माध्यम से की गई। रायपुर में पहली बार यह देखा गया कि किसी शास्त्रीय संगीत के कार्यक्रम में सभागृह श्रोताओं से खचाखच भरा था लोग बाहर तक खड़े थे और मौन होकर इन महागुरुओं को सुन रहे थे और आशीर्वाद ग्रहण कर रहे थे।

# आज विप्र स्वास्थ्य सेवा संगठन का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**मां भानेश्वरी जयंती के दिन आज 9 मई को मिनी स्टेडियम सिंघोला में**

राजनांदगांव (दावा)। स्वास्थ्यगत सेवा कार्य में समर्पित समाजसेवी संस्था विप्र स्वास्थ्यसेवा संगठन (छ.ग.) का आगामी नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर राजनांदगाँव मे आयोजित किया जा रहा है। आज गुरुवार 9 मई के दिन साहू समाज द्वारा माँ भानेश्वरी शक्ति पीठ सिंघोला में माँ भानेश्वरी जयंती उत्सव व वर-वधु परिचय सम्मेलन का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम होने जा रहा है। विशाल जन समूह वाले इस आयोजन मे विप्र स्वास्थ्य सेवा संगठन के चिकित्सको और सहयोगीजन द्वारा आम सामान्य नागरिको को स्वास्थ्य से संबंधित सिकल्सेल, हृदयाघात, मधुमेह, लकवा इत्यादि गंभीर बीमारियों के प्रति सचेत करने के लिए रक्त जांच व अन्य संभावित जागरूकता कार्य नि:शुल्क रूप से किया जायेगा। इस दौरान संगठन के डॉ. सतीश दीवान, डॉ. सुशील बागड़े, सुश्री लीना गौराहा, भोला महतो, डॉ. करतार सिंह कंजवानी (जनरल प्रेक्टिस, राजनांदगाँव), डॉ. साहू (एमडी) अपनी सेवाएं देंगे। संगठन के इस शिविर में श्याम केशवानी द्वारा रक्तदान की सुविधा रहेगी। संगठन द्वारा आयोजित इस समाजसेवी कार्यक्रम में सहभागी होने के इच्छुक आप सभी का स्वागत है।

# स्ट्रांग रूम को किया गया सील

दुर्ग (दावा)। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र दुर्ग 07 में 7 मई 2024 को तीसरे चरण का मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मतदान सफलता के पश्चात् ई.व्ही.एम. मशीन एवं व्ही.व्ही.-पैट को श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जुनवानी भिलाई में बने स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया है।

स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए है। साथ ही सीसी टीवी कैमरों के माध्यम से ईवीएम मशीनों पर निगरानी रखी जा रही है। केन्द्रीय सशस्त्र बल चौबीसो घंटे स्ट्रांग रूम की निगरानी करेंगे। मतगणना दिवस तक स्ट्रॉग रूम को कड़ी सुरक्षा के बीच स्पेशल फोर्स की निगरानी में ही रखा जाएगा।

# अक्षय तृतीया पर गायत्री मंदिर में परिणय सूत्र में बंधेंगे जोड़े

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सम्पन्न किए जाएंगे विवाह संस्कार



राजनांदगांव (दावा)। भगवान परशुराम जयंती अक्षय तृतीया के अवसर पर गायत्री मंदिर में वैवाहिक जोड़े परिणय सूत्र में बंधने जा रहे हैं। आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई। शुक्रवार 10 मई अक्षय तृतीया के दिन गायत्री मंदिर में गायत्री शक्तिपीठ के पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जोड़ों का विवाह संस्कार सम्पन्न कराया जाएगा। गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या व उप ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि सत्य सनातन हिन्दू धर्म में मनुष्य के जीवन के सोलह संस्कारों का विशेष महत्व है। इसमें से एक महत्वपूर्ण संस्कार विवाह संस्कार है। गायत्री शक्तिपीठ के पुरोहितों द्वारा यज्ञायोजन के बीच वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए विधि-विधान के साथ विवाह संस्कार सम्पन्न कराया जाता है। ट्रस्टी द्वय ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ में नव युगल जोड़ों का वैदिक विधि से विवाह संस्कार के लिए पंजीयन कर ली गई हैं।

### गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ व संस्कार

गायत्री मंदिर के व्यवस्थापक भाई ओमप्रकाश ने बताया कि वैशाख पूर्णिमा तिथि 23 मई को अ.भा. गायत्री परिवार द्वारा पूरे देश भर में गृहे- गृहे गायत्री यज्ञ-उपासना का आयोजन किया जा रहा है। यह दिन परम पूज्य गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य की जीवन संगिनी वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी वर्ष का शुभारंभ दिवस है। इस महान शुभ अवसर पर देव संस्कृति की धर्म ध्वजा के तले हमारे अन्य भाई-बहनों को भी लाना है। इसकी भी व्यापक तैयारी गायत्री शक्तिपीठ द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ द्वारा भगवान परशुराम जयंती अक्षय तृतीया के अवसर पर वात्सल्य मंदिर में आयोजित यज्ञायोजन व विभिन्न संस्कारों के बीच सम्पन्न होने वाले नव युगल जोड़ों के विवाह संस्कार में शामिल होने व उन्हें दूधो नहाओ, पूतो फलों का, आशीर्वाद देने के लिए समस्त गायत्री परिजनों व सत्य सनातन धर्मियों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

# सर्वेश्वरदास विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन कल 10 मई तक

**0 आवेदक एवं पालक 11 से 13 मई तक कर सकेंगे दावा आपत्ति**

राजनांदगांव (दावा)। सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि कल 10 मई है। प्रवेश के लिए पात्र-अपात्र बच्चों की सूची 11 मई को विद्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा कर दी जाएगी। जारी सूची के संबंध में आवेदक या पालक 11 से 13 मई तक विद्यालय में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इसके पश्चात 14 मई को कक्षा पहली एवं 15 मई को कक्षा पांचवी, छठवीं व सातवीं की कक्षाओं के लिए बच्चों का चयन लॉटरी के माध्यम से जिला स्तरीय गठित समिति के समक्ष किया जाएगा। बच्चों की चयनित एवं प्रतिक्षा सूची का अवलोकन विद्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता सकेगा। बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया 16 मई से प्रारंभ होगी।

# आज के विजीट में आयुक्त श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र पहुंच सफाई पानी की जानकारी लिये



**जनता कालोनी व राहुल नगर में कम पानी आने की शिकायत पर सप्लाई के समय पहुँच व्यवस्था दुरूस्त करने अधिकारियों को दिये निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिदिन निरीक्षण की कडी में आज सुबह निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ लखोली के जनता कालोनी, राहुल नगर, बैगापारा, धरसा रोड क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया वही पानी सप्लाई की क्षेत्रवासियों से जानकारी लेकर कम पानी आने का निराकरण करने तकनीकि अधिकारियों को निर्देश दिये।

सबसे पहले आयुक्त श्री गुप्ता लखोली स्कूल के पास सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर सफाई के आभाव एवं पानी की सुविधा नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सुलभ के संचालक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने हाजरी रजिस्टर की जॉच कर कर्मचारियों के संबंध में जानकारी लेकर निर्धारित समय तक सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि श्रमिक बहुल्य क्षेत्रों में मौसमी बिमारी को ध्यान में रखते हुये साफ सफाई की समुचित व्यवस्था करे, लोगों को भी साफ सफाई रखने हेतु समझाईस देवे। इसके अलावा लखोली शीतला तालाब के आसपास साफ सफाई रखने निर्देशित किये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान जनता कालोनी में निर्माणाधीन पुलिया निर्माण कार्य देख कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव से कहा कि सभी निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखकर नियमित रूप से तराई करावें। उन्होंने जनता कालोनी, राहुल नगर में पानी के संबंध में लोगों से जानकारी ली। कम पानी आने की शिकायत पर उक्त क्षेत्र में पानी सप्लाई के समय पहुँचकर जॉच करे एवं उसका निराकरण करने अधिकारियों को निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों सें पानी कम आने या गंदा आने की शिकायत प्राप्त होती है, उसका स्थल निरीक्षण कर निराकरण करे, ताकि गर्मी में पर्याप्त पानी सप्लाई हो सकें। निरीक्षण के दौरान प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम, उप अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, वरिष्ट स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।

# रेडक्रास की भूमिका मानव सेवा में अहम - डॉ नेतराम नवरतन





**विश्व रेडक्रास दिवस में हुए विभिन्न आयोजन**

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा राजनांदगांव द्वारा कलेक्टर एवं अध्यक्ष संजय अग्रवाल के निर्देशन में आज 8 मई को जिला अस्पताल राजनांदगांव, मेडिकल कालेज राजनांदगांव, नांदगांव ब्लड सेंटर, लाइफ लाइन ब्लड बैंक एवं बिलासा ब्लड बैंक राजनांदगांव में स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन एवं साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य विभाग 'स्वास्थ्य, मित्रता एवम मानव सेवा में रेड क्रॉस की भूमिका' थीम पर रेडक्रास अधिकारी द्वारा व्याख्यान किया गया।

सीएमएचओ डॉ नेतराम नवरतन ने रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूनांट के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर रेडक्रास के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूनांट के जन्मदिन को विश्व रेडक्रास दिवस के रुप में मनाया जाता है। सेवा, स्वास्थ्य एवं मानवता के लिए हमेशा आगे रहती है। साथ ही रेडक्रास सोसायटी डॉ नवरतन ने रक्तदाताओं को प्रेरित करते हुए दिए गए रक्त को थैलेसिमिया, सिकलसेल, डिलीवरी एवं इमरजेंसी एक्सीडेंट केस में जीवन रक्षा के लिए किया जाएगा। रक्तदान को जन अभियान बनाने हर घर रक्तदाता, घर-घर रक्तदाता अभियान रेडक्रास संस्था राजनांदगांव द्वारा लगातार चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के ज्यादा से ज्यादा अधिकारी कर्मचारी रेडक्रास के सदस्य बनने हेतु प्रेरित किया।

प्रदीप शर्मा जिला संगठक सह प्रबंधक सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान का सफल आयोजन किया गया रक्तदान 05 जिला अस्पताल राजनांदगांव, 14 मेडिकल कालेज राजनांदगांव, 21नांदगांव ब्लड सेंटर, 14 लाइफ लाइन ब्लड बैंक एवं 07 बिलासा ब्लड बैंक राजनांदगांव कुल 61 यूनिट रक्तदान हुए, जिस लिए अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग से स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। रेडक्रास अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य, मित्रता एवं मानव सेवा में रेडक्रॉस की भूमिका थीम पर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें रेडक्रास के माध्यम से सेवा गतिविधि से कैसे जुड़े और अपने आप को सेवा कार्य में समर्पित करे सेवा कर्म किए जाओ तो उसका फल अवश्य मिलता है। प्राथमिक सहायता, आपदा, शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार सहित विभिन्न गतिविधियों में रेडक्रास ने अपना उत्कृष्ट योगदान दिया है। आने वाले दिनों में रेडक्रॉस की गतिविधियों को और ऊंचाइयों में ले जाने के प्रयासरत रहेंगे।

स्वास्थ्य विभाग के संतोष चौहान सर ने रेडक्रास मानव सेवा, मानव स्वास्थ्य, मानव सहायता के रूप में कार्य करती है जिसके लिए पूरे विश्व में रेडक्रास सोसायटी सेवा कार्य कर रही है और हर स्कूल, हर कॉलेज में रेडक्रास में विद्यार्थियों का पंजीयन है जिसके लिए सेवा से दिल से जुड़े और खुद प्रेरित होवे।

रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक से फनेंद्र जैन, अभिषेक सिंह, संजीव प्रधान, परंपरा ग्रुप के सदस्य यश शर्मा, लोकेश शर्मा, जिला चिकित्सालय के पी सी जेम्स, ब्लड बैंक प्रभारी उषा मैडम, जगदीश सोनी, कश्यप जी, कल्पना मैडम, मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक के चुम्मन साहू, रेडक्रास के हेमप्रभा सिंह, मोहनीश साहू, गजेंद्र साहू, खोमेष साहू ने सहयोग किया। साथ ही इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के आर के मांडवी, शैलजा शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, जय राम सिन्हा, रेनू मेश्राम, डी.डी. साहू एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे। प्रदीप शर्मा राजनांदगांव ने बताया आज के शिविर से थैलेसीमिया मरीजों को नि:शुल्क ब्लड मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल एवं नांदगांव ब्लड सेंटर से जीवन रक्षक ब्लड उपलब्ध कराया गया।

# संस्कार सिटी के विद्यार्थी 15वीं सब जूनियर राज्य वुशु चैंपियनशिप के लिए रवाना



राजनांदगांव (दावा)। 8 से 12 मई तक, डोंगरगढ़, छत्तीसगढ में 15वीं सब जूनियर राज्य वुशु चैंपियनशिप (बालक एवं बालिका) का आयोजन होगा। इसमें राज्य भर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। हमारे शाला से भी विद्यार्थियों का एक दल इस चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए 08 मई को डोंगरगढ़ के लिए, कोच सुश्री विद्या सिंग के साथ रवाना हुआ। प्राचार्य रेखा तिवारी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। संस्था के प्रबंधकगण ललित अग्रवाल (अध्यक्ष), अतुल देशलहरा (सचिव) ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# अनमोल दावा

> मनुष्य को केवल अपने कर्म पर ही विश्वास करना चाहिए, कर्म श्रेष्ठ होगा तो फल भी वैसा प्राप्त होगा...

## परदेशी शिक्षा की राह में बाधा, वीजा नियमों में बदलाव से छात्रों के सामने नई समस्या

हर वर्ष भारत से लाखों विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए आस्ट्रेलिया, कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन आदि देशों में जाते हैं। कुछ समय पहले तक उन देशों में विदेशी छात्रों के लिए नियम-कायदों में ज्यादा सख्ती नहीं थी, इसलिए वहां जाने को लेकर एक आकर्षण रहा। मगर पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर बदले कूटनीतिक समीकरण और पढ़ाई, रोजगार तथा अन्य वजहों से दूसरे देशों में ठौर खोजने वालों की बढ़ती भीड़ ने जो नई परिस्थिति पैदा की, उसमें उच्च शिक्षा का आकर्षण माने जाने वाले कुछ देशों ने अपने यहां वीजा नियमों में तेजी से तब्दीली की है।

नतीजतन, अब उन देशों में जाकर पढ़ाई करने का सपना पालने वाले युवाओं और उनके परिवारों के लिए हालात सहज नहीं रहने वाले हैं। दरअसल, आस्ट्रेलिया ने अब अपनी वीजा नीति में कुछ ऐसे सख्त मानदंड तय किए हैं, जिससे पढ़ाई के मकसद से वहां जाने वाले भारतीय विद्यार्थियों के सामने एक नई मुश्किल खड़ी हो गई है। नई नीति का असर ऐसे विद्यार्थियों पर भी पड़ने वाला है, जो वहां केवल अच्छी शिक्षा के लिए जाना चाहते हैं।

दरअसल, आस्ट्रेलिया अपने वीजा नियमों को इसलिए सख्त बना रहा है कि वहां जाने वाले कई विदेशी युवा किसी शिक्षण संस्थान में दाखिला लेने के बाद वहीं कोई नौकरी भी शुरू कर देते हैं। इसे पढ़ाई के नाम पर नौकरी के लिए पिछले दरवाजे से प्रवेश के तौर पर देखा गया। इस तरह वहां जाने वालों की संख्या में जब ज्यादा बढ़ोतरी देखी गई तो आस्ट्रेलिया ने वार्षिक प्रवासन की संख्या घटा कर आधा कर दिया।

इस वजह से दिसंबर 2022 के बाद एक वर्ष में भारतीय विद्यार्थियों को दिए जाने वाले वीजा में अड़तालीस फीसद की गिरावट देखी गई। यह एक बड़ा नीतिगत बदलाव है, जिसका नुकसान ऐसे भारतीय युवाओं के भविष्य पर भी पड़ेगा, जो आस्ट्रेलिया के किसी अच्छे शिक्षण संस्थान में दाखिला लेना चाहते हैं। निश्चित तौर पर यह निराशाजनक है, मगर इसके समांतर यह भी तथ्य है कि क्या भारत में शिक्षा का स्तर आस्ट्रेलिया या कनाडा जैसे देशों के बराबर नहीं हो सकता, ताकि हमारे विद्यार्थियों को किसी अन्य देश में जाने की नौबत ही न आए!

# विश्लेषण

# नेपाल के 100 रुपये के नोटों पर नए नक्शे से भारत क्यों है खफा

**अशोक दाहाल**

नेपाल के नए नक्शे के साथ जारी किए जाने वाले 100 रुपये के नोटों की छपाई को लेकर भारत की नाराज़गी पर प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड की सरकार ने कहा है कि इस फ़ैसले में नया कुछ नहीं है.नेपाल सरकार की प्रवक्ता और प्रचंड कैबिनेट में सूचना एवं संचार मंत्री रेखा शर्मा ने कहा है कि ये एक नियमित प्रक्रिया है.बीबीसी न्यूज़ नेपाली से बात करते हुए उन्होंने कहा, नेपाल राष्ट्र बैंक में पुराने नक्शे वाले बैंक नोट ख़त्म होने वाले हैं, इसलिए उन्हें नए नोट छापने की अनुमति दी गई है. उन्होंने कहा, हमारे पास 100 के पुराने नोट खत्म होने वाले हैं. चूंकि पिछले डिज़ाइन में पुराना नक्शा था, इसलिए जब हमने उसे छापा तो ऐसा लगा जैसे हमें नए नक्शे के बारे में मालूम नहीं है. यह एक नियमित प्रक्रिया है क्योंकि नोटों के डिज़ाइन को बदलने का निर्णय कैबिनेट को लेना है. इससे अधिक कुछ नहीं हुआ है.

नेपाल सरकार के इस फ़ैसले पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, नए नोटों में दोनों देशों के बीच विवादित क्षेत्र का नक्शा शामिल करने के नेपाल के एकतरफ़ा फ़ैसले का वास्तविक स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ेगा.

उन्होंने आगे कहा, हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है. हम एक स्थापित मंच से अपनी सीमाओं के बारे में बात कर रहे हैं, लेकिन इस बीच, उन्होंने जो एकतरफ़ा फैसला लिया, वह हमारे बीच की स्थिति या उस जगह की वास्तविकता को नहीं बदल सकता.पिछले गुरुवार की कैबिनेट बैठक में नेपाल राष्ट्र बैंक को देश के नए नक्शा के साथ सौ रुपये के नोट छापने की मंजूरी देने का फ़ैसला किया गया था.एक और जहां नेपाल सरकार के इस फ़ैसले से भारत सरकार में नाराज़गी है, वहीं नेपाल के ही कूटनीति और अर्थव्यवस्था के कुछ विशेषज्ञों ने भी इसे प्रचंड सरकार का अपरिपक्व क़दम बताया है.नेपाल ने साल 2020 के जून महीने में देश का आधिकारिक मानचित्र जारी किया था जिसमें कालापानी, लिम्पियाधुरा और लिपुलेख को दिखाया गया है.इसी महीने नेपाल ने संविधान में संशोधन किया और उसके बाद से देश के आधिकारिक दस्तावेज़ों और मोहरों में नए नक़्शे का इस्तेमाल किया जा रहा है। पिछले साल अगस्त में जब चीन ने अपने देश का नया नक़्शा जारी किया था तो यह मुद्दा उठा था कि नेपाल के पुराने नक़्शे को बरकरार रखते हुए क्या उसके नए नक़्शे को अंतरराष्ट्रीय मान्यता दिलाने के लिए वहां की सरकार कोई क़दम उठा रही है या नहीं. संसदीय समिति ने इस बात को लेकर सरकार से जवाब मांगा कि चीन के नए नक्शे में नेपाल का नया नक़्शा शामिल नहीं है.संसद की अंतरराष्ट्रीय संबंध समिति में पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल समेत कई सांसदों ने ये सवाल किया कि नेपाल के अपडेटेड नक़्शे के बारे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को जानकारी दी गई या नहीं.अंतरराष्ट्रीय संबंध समिति के अध्यक्ष राजकिशोर यादव ने बीबीसी न्यूज़ नेपाली से बात करते हुए बताया, जिस समय नक़्शा जारी किया गया था, उस समय विदेश मंत्री रहे प्रदीप ज्ञवाली ने हमें जानकारी दी थी, लेकिन उसके बाद के विदेश मंत्री एनपी सऊद को रिकॉर्ड नहीं मिले.



जब हमने मंत्रालय से जवाब मांगा, तो वे यह जानकारी नहीं दे सके कि नेपाल ने अपडेटेड नक़्शे के बारे में संयुक्त राष्ट्र सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय को लिखित जानकारी भेजी थी या नहीं.तत्कालीन विदेश मंत्री ज्ञावली कहते रहे हैं कि काठमांडू में अंतरराष्ट्रीय राजनयिकों को नेपाल के नए नक़्शे के बारे में जानकारी दे दी गई है.लेकिन अंतरराष्ट्रीय संबंध समिति के अध्यक्ष यादव का कहना है कि मंत्रालय के संस्थागत रिकॉर्ड में इसकी कोई जानकारी विदेशों को नहीं भेजी गई है.

नेपाल राष्ट्र बैंक के पूर्व गवर्नर और राष्ट्रपति के सलाहकार चिरंजीवी नेपाल का कहना है कि राष्ट्र बैंक को नोटों पर नया नक़्शा लगाने की अनुमति देने के सरकार के गुरुवार के फ़ैसले से नेपाल को भारत के साथ व्यापारिक संबंधों में दिक्कत हो सकती है. चिरंजीवी नेपाल कहते हैं, नेपाल का संविधान केवल देश के भीतर ही लागू होता है. लेकिन नेपाली रुपये के नोट पड़ोसी भारत के साथ सीमा क्षेत्रों में भी प्रचलन में हैं.नेपाल के तराई और सीमावर्ती क्षेत्रों में कारोबारी लेनदेन आम तौर पर नेरु (नेपाली रुपया) और भारु (भारतीय रुपया) में किया जाता है. जैसे ही नए नक़्शे वाले 100 रुपये के नेपाली नोट बाज़ार में आएंगे, संभावना है कि ये भारत से लगने वाले सीमावर्ती बाज़ारों में ये काम नहीं करेगा. हालाँकि भारत के 500 से छोटे मूल्य वर्ग के नोटों को नेपाल में मान्यता प्राप्त है, लेकिन भारत ने नेपाली नोटों को अपने यहां प्रचलन के लिए मान्यता नहीं दी है.चिरंजीवी नेपाल का कहना है कि इस वजह से ख़तरा है कि भारत सीमावर्ती इलाकों में 100 रेट के नोटों के साथ-साथ अन्य मूल्य वर्ग के नेपाली नोटों के इस्तेमाल पर भी रोक लगा सकता है.उन्होंने कहा, हमें सबसे पहले नए मानचित्र की अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता बढ़ानी चाहिए थी.

त्रिभुवन यूनिवर्सिटी के डीन और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के प्रोफ़ेसर खड्ग केसी सर्वभौम कहते हैं कि एक संप्रभु देश को अपने नोटों पर देश का नक़्शा लगाने के लिए इस बात की चिंता नहीं करनी चाहिए कि पड़ोसी या अन्य देश क्या कहेंगे.उन्होंने कहा, संविधान में नक़्शे को नोट में डालने का मामला एक संप्रभु देश का मुद्दा है.नए नक़्शे के साथ नोट छापने का फ़ैसला स्वागत योग्य है, लेकिन यह अधिक स्वीकार्य होता यदि इसे संयुक्त राष्ट्र और उसकी एजेंसियों के समक्ष परिपक्व तरीके से पेश किया गया होता. हम ऐसा किए बिना ही स्टंट करते चले गए.

उन्होंने कहा कि नेपाल को अपनी ज़मीन पर दावा करने में संकोच नहीं करना चाहिए.भारत और चीन के बीच कई सीमा विवाद हैं, लेकिन इसका उनके व्यापार पर कोई असर नहीं पड़ा है.प्रोफ़ेसर खड्ग केसी सर्वभौम कहते हैं, हमें यह मुद्दा भी उठाना चाहिए ताकि इसका असर भारत के साथ अन्य संबंधों पर न पड़े.उन्होंने कहा, नए मानचित्र को संसद से पारित करने के बाद, इसकी सूचना उन देशों और संयुक्त राष्ट्र निकायों को दी जानी चाहिए थी जिनके साथ हमारे राजनयिक संबंध हैं. अगर ऐसा नहीं भी होता, तो भी मुझे लगता है कि एक पत्र लिखना और फिर उसे एक नोट में रखना परिपक्व कदम होता.अंतरराष्ट्रीय संबंध समिति के अध्यक्ष राजकिशोर यादव का ये भी कहना है कि सरकार ने दीर्घकालिक प्रभाव को देखे बिना ही नक़्शे को नोटों में डालने का फैसला किया है.उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह निर्णय केवल घरेलू मुद्दों के आधार पर लिया गया है. इस बात को ध्यान में नहीं रखा गया है कि यह हमारे हितों की कितनी रक्षा करता है या उन्हें कैसे प्रभावित करता है.नेपाल द्वारा पहले जारी किए गए मानचित्र में शामिल क्षेत्रों तक सरकार की पहुंच न होने के कारण नेपाल उस क्षेत्र में जनगणना भी नहीं करा पा रहा था. कुछ कूटनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि नेपाल द्वारा नक्शा प्रकाशित करने के बाद नेपाल-भारत सीमा समस्या के समाधान के लिए बने स्थायी और अस्थायी तंत्र के काम पर भी असर पड़ा है.

# विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम: 143 सीता जी की विदाई, भावनाओं के समंदर में मिथिला के नर-नारी

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



मिथिला राज परिवार के सदस्य श्री राम के इन उदात्त वचनों को सुनकर भाव विभोर हो गए।

महाराज जनक ने कहा, ''आज केवल वैदेही की यहां से विदाई नहीं हो रही है, बल्कि राम की भी विदाई हो रही है। एक साथ मैं अपनी पुत्री और अपने पुत्र दोनों को विदा कर रहा हूं।''

श्री रामसीता, श्री भरतमांडवी, श्री लक्ष्मणउर्मिला और श्री शत्रुघ्नश्रुतकीर्ति ने विवाह समारोह के लिए उपस्थित सभी लोगों से भली प्रकार भेंट की और भारी हृदय से राजकुमारियों ने विदाई के लिए स्वयं को तैयार किया।

सूर्योदय होने में अब थोड़ी ही देर है। आसमान में छिटके हुए तारे अब अलसा से गए हैं।क्षितिज के एक ओर सूर्य के आने की लालिमा है तो दूसरी ओर चंद्रमा की विदाई के लिए उसका धीरे-धीरे आंखों से ओझल होते जाना है। मिथिला के पेड़ - पौधे, पर्वत, सदानीरा नदी, आसमान के तारे और चंद्रदेव स्वयं यह इच्छा रखते थे कि यह रात अंतहीन हो और सीता जी को यहां से अपने माता-पिता को छोड़कर कहीं और प्रस्थान न करना पड़े लेकिन जिस तरह रात्रि के बाद सूर्य का निकलना शाश्वत है,उसी तरह सीता जी के जीवन में भी मिथिला के बाद अब अयोध्या का अध्याय शाश्वत है। चंद्रमुखी सीता जी के जीवन में सूर्य से भी बढ़कर प्रखर और तेजस्वी श्री राम का आगमन निश्चित हुआ है। मिथिला के नर - नारियों की आंखों से आंसू थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं और सारी रात उन्होंने जागते हुए ही बिताई है।

डोली में बैठने के लिए सीता जी अपने पग आगे बढ़ा रही हैं।रानी सुनयना और रानी चंद्रभागा अपनी पुत्रियों के पीछे चल रही हैं।राजकुमारियों के सामने थाल में चावल लाए गए और उन्होंने बिना पीछे मुड़े और पीछे देखे अपने सिर के ऊपर से होकर पांच बार चावल पीछे की ओर फेंके, जिन्हें माताओं और राज परिवार की अन्य स्त्रियों ने अपने आंचल में एकत्र कर लिया और उन्हें भूमि पर गिरने नहीं दिया।सीता जी और अन्य राजकुमारियां जहां जा रही हैं, वह घर तो धन-धान्य और सौभाग्य से परिपूर्ण है और रहेगा ही, लेकिन माताओं द्वारा अपने आंचल में एकत्र किए गए चावल इस बात का प्रतीक हैं कि मिथिला का सौभाग्य और मिथिला की संपन्नता भी इन अक्षतकणों के रूप में सदैव अक्षुण्ण रहेंगी।

सीता जी और अन्य राजकुमारियां डोलियों में विराजमान हुई और चारों राजकुमार,महाराज दशरथ तथा बरात के अन्य सदस्यगण अपने-अपने वाहनों में आरूढ़ होने के बाद अयोध्या की ओर चल पड़े।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

# कविता

## मजदूर की श्रम साधना

मजदूरों की मेहनत से टिका है संसार
विश्व का विकास निरंतरर निर्माण कार्य
किसी वस्तु या भवन को तोड़कर बनाता है वास्तु
सुंदर भवन आलीशॉन बंगला, फ्लैट।
उसे काम करे के लिये तत्पर
काम ही है इनकी श्रम साधना,
जंगल काटकर खेत बनाए।
पथरीली जमीन से पानी निकाला,
अपने श्रम से मजदूरों ने ही धरती को बनाया हराभरा,
खेतों को मजदूरों ने ही बोया है, मजदूरों ने ही काटा है,
किलो की गहराइयों में भूखे शेर की तरह बंद रखा जाता था।
सुई से लेकर जहाज तक मजदूर बनाता है,
रोमन सरदारों की भूमि को भी मजदूरों ने बोया और काटा है,
वह निर्माण करता है, विनाश नहीं, उसे पेटभर भोजन नहीं मिलता,
वह बनाने का अधिकारी है, उपभोग का नहीं।
पूंजीपति के हाथों में मजदूर का शोषण है,
काम का उचित दाम नहीं जिम्मेदार धनवान,
शरीर ढ़ंकने के कपड़े नहीं ओढ़ने के लिये कंवल नहीं,
मजदूर के बच्चें के लिए शिक्षा की व्यवस्था नहीं,
मैं कोल्हू का बैल हूँ, अपनी श्रमता का आंकलन मैं नही कर सकता।
खेतिहर मजदूर नहीं होते, तो अन्न नहीं होते,
खदानों में काम नहीं करते, तो फैक्ट्रियाँ, कारखाने नहीं होते
हथियार की फैक्ट्री में हथियार नहीं बनाते तो देश की रक्षा कैसे होती,
मजदूर नहीं होते तो दुनिया का विकास नहीं होता,
मजदूर समाज के निर्माण में नींव के ईंट के समान है।
हे श्रमवीर! तेरा शोषण बंद हो। तेरे पसीने में ईश है।

**देवेन्द्र महोबे**
**खैरागढ़**

## शब्द सामर्थ्य -051

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**
2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 050 का हल



## सू- दोकू क्र. 051

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.050 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# सामयिक चर्चा

## समय पारखी, सदा सुखी

मधू भैया परेशानी से बोले-
''हमारी पार्टी में तो भैया!
हमें दूर-दूर तक कहीं भी
'कुर्सी' दिखाई नहीं पड़ रही है।
इतनी .......हो गई, पर पता नहीं,
कब तक हम कुर्सी विहीन रहेंगे?
हमारी भविष्य के लिए चिन्ता
दिनों दिन बढ़ रही है।
क्या करूँ? कैसा करूँ?''
समय पारखी परम भाई ने
बड़ी बेफिकरी से कहा-''मधू!
मैं तुम्हारे समान निराश-विराश नहीं होता।
चिन्ता-फिकर में, व्यर्थ समय नहीं खोता।
तुम भले 'क्या करूँ, कैसे करूँ'?
बैठे-बैठे सोचते रहो!
अब मेरी बात सुनो!
मैं तो भैया! बड़ी गंभीरता से
सत्ता पार्टी में जाने की सोच रहा हूँ।
इसलिए अपनी पार्टी के बड़े भैयाजी
से डट कर लड़ने का,
बहाना खोज रहा हूँ।''



**गिरीश बख्शी**

# लघुकथा


## अकती तिहार के महत्ता

गजब जुन्ना बात आय। एक झन जमदगनी नाव के रिषी राहे। अऊ वोकर पतनी के नाव रेनुका राहे। जमदगनी रिषी के पांच झन बेटा राहे। सबले बड़का बेटा के नाव परसुराम रिहिष। जमदगनी रिषी ह जप तप म लीन रिहिस। एकदिन वोकर पतनी रेनुका ह देखिस कि सरग म अप्सरा मन पुरूष मन ल नहवात राहे। वो हाल ल देख के रेनुका ल काम जागरित हो जाथे। अऊ वोहा नाहाये ल चल देथे। जब रिषी ह ये बात ल जानिस त गुसिया के अपन बेटा मन ल किहिस जावो अऊ अपन माता ल मार डालव। पर कोनो हर तियार नई होईस। तब परसुराम ह पिता के आगिया मान के फरसाले अपन माता के सिर ल काट दिस। तब खुश होके कथे बेटा परसुराम बरदान मांगले। तब परसुराम ह किहिस, बरदान देबर हे त मोर माता ल जीया दे। तब रिषी ह बेटा के बात ल नई टारिस अऊ वोकर माता रेनुका ल जीया दिस। अऊ दुसर बात हे कि उही दिन राजा सरग के बेट भागीरथी ह गंगा ल धरती म लाईस। गंगा ह धरती म आना नई चाहत रिहिस। गंगा के कहेना रिहिस, धरती म मोर सनमान नई होही। मोर उपर सब मल-मूत्र ल धोही, मूरदा ल बोहाही, जम्मो पाप ल मोरे उपर डालही। तेकरे कारण सेती धरती म नई आना चाहत रिहिस, तब पारवती ह निवेदन करिस, अऊ बलाईस तब शिवजी ह अपन (सिर) जटा म ठऊर दिस। एक ठन बात अऊ आथे। विष्णुजी ह लक्ष्मी ले किहिस कि जेकर कोई लोग लईका नईये तेन ह इही दिन पुतरा-पुतरी के बिहाव रचाके अराधना करही। वोला लईका के परापती होथे। कतको झन उही दिन पुतरा-पुतरी के बिहाव घलो करथे। अऊ उही दिन सब देवता मन ह मिलके माता शीतला ल ठाकुर जी के संग धरती म भेजथे। अऊ कथे जा तैहर जगत चराचर म सुख समरिद्धी राखबे। अऊ धरती म शीतला रूप म पूजा होही। गांव-गांव म शीतला माता के पूजा बिधी बिधान ले करथे। अऊ अकती तिहार के दिन जम्मो किसान मन अपन घर के धान ल एक दोना म भरके शीतला मंदिर म चघाथे। अऊ उही धान ल लईका मन के सहारा ले, बोवई निंदई, कोड़ाई, कटई। अऊ भारा बांध के मिजके करके नाप जोख करके फेर उही धान ल दोना म भर के सबझन ल बाटथे। अऊ मंदिर म शीतला के पुजा आरती के संग हुम धुप अगर, तेर हरदी नरियर चीला चघा के, बढ़िया फसल के माग करत कहिथे कि कोनो किसम ले अलहन झन आय। अऊ खेत खार के फसल म कीरा मकोरा झन लगे कहिके जुमला पूजा करथे। अऊ उही दोना के धान ल अपन खेत म बोके सुरवात करथे। जेला अकती तिहार के दिन शुभ मानथे। जेला अक्षय तृतीया या परसुराम जयंती घला कहिथे।




*आनंद राम साहू (सार्वा)*
*कु.बो.भाठागांव*

# राशिफल




**मेष** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। माता-पिता आज अपने बच्चों के लिए समय निकालेंगे और उनके साथ गेम खेलेंगे। सिंगर्स को आज किसी बड़े एल्बम में गाने का मौका मिल सकता है। आज ऑफिस के काम को समय से पूरा करने में आपको सफलता मिलेगी। अपने काम के प्रति सचेत रहें।




**वृषभ** — आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे साथ ही जीवनसाथी के साथ आप किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। राजकीय क्षेत्र में लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना कर रखें।




**मिथुन** — आज आपका दिन उमंग भरा रहेगा। आज ऑफिस में आपके प्रमोशन होने की खुशखबरी मिलेगी। आज घरवालों के साथ खुशी का वातावरण रहेगा। आज जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करें। परिवार से जुड़ी कोई परेशानी खत्म होने के योग हैं । रुके हुये कार्यों को नए सिरे से फिर कोशिश करें।



**कर्क** — आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज अनावश्यक सोचने से बचें, नहीं तो आपकी उलझने बढ़ सकती हैं। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बिताएंगे। साथ ही आपको दोस्तों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है।




**सिंह** — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे । आज आप मेहनत, धैर्य और समझदारी से जरूरी काम निपटा लेंगे । आज आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं । आज परिवार में सुख-समृद्धि का माहौल रहेगा।



**कन्या** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप अपने दोस्त के साथ शाम को पार्टी करेंगे। आज कार्य स्थल पर आप उत्साह के साथ काम करेंगे, कलीग्स आपको फॉलो करेंगे। लेखकों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी कविता या कहानी के लिये आपको सम्मानित किया जा सकता है।



**तुला** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आप जीवनसाथी के साथ घूमने जायेंगे, जिससे रिश्ते में और मजबूती आएगी। आप एक-दूसरे की भावनाओं को समझने के साथ ही जीवन की हर परिस्थिति में साथ देने का वादा भी करेंगे। काफी समय से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।




**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिये लाभदायक रहेगा। आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। इस राशि के इलेक्ट्रीशियन के कारोबारियों को व्यापार में अधिक लाभ मिलेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।




**धनु** — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके विचारों को अहमियत मिलेगी, आपका सम्मान बढेगा। आज आप माता-पिता के साथ बैठकर भविष्य की योजनाओं पर बात करेंगे। आज आप किसी व्यक्ति को कोई काम करने के लिए साहस देंगे ऐसा करके आपको अच्छा फील होगा।



**मकर** — आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके करियर में कोई नया मोड़ आने वाला है यह आपके लिए बढ़िया साबित होगा। आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जिससे आगे चलकर आपकी गहरी दोस्ती हो सकती है। आज आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है।



**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आप किसी व्यक्ति की बातों से प्रभावित होंगे। आज समस्याओं से घबराने के बजाय उनको शांत मन से सुलझाने की कोशिश करें। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें ।



**मीन** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। दोस्त शाम के लिए कोई बढ़िया योजना बनाकर आपकी शाम खुशनुमा कर देंगे। आज आप अपने आप में काफी अच्छा महसूस करेंगे। आज अच्छे काम के कारण लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर बात होगी। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी।

# बच्चों को छात्रावास में अच्छा एवं पारिवारिक वातावरण देना सबकी पहली प्राथमिकता- कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा



- कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षकों एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारियों की ली संयुक्त बैठक
- बैठक में अनुपस्थित अधीक्षकों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में छात्रावास अधीक्षक एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने छात्रावास/आश्रमों की मरम्मत सहित मूलभूत सुविधाओं को चिन्हांकित करने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे मरम्मत कार्य जिससे पढ़ाई प्रभावित होती है, उसे नए शिक्षण सत्र प्रारंभ होने से पहले पूर्ण कर लें। इसके लिए अधीक्षकों को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) विभाग के साथ सामंजस्य बैठाकर से निर्माण कार्य हेतु प्राक्कलन बनाकर सप्ताहभर के भीतर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किए हैं।

कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने बैठक में अधीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक छात्रावास/आश्रम में प्रतिमाह निगरानी समिति की बैठक के दिन पालक-बालक सम्मेलन आयोजित किया जाए। जिमसें सभी पालकों को उनके बच्चों की प्रगति की जानकारी प्राप्त हो सकें। उन्होंने सहायक आयुक्त एवं अधीक्षकों को उनके दायित्व का बोध करते हुए कहा कि छात्रावास/आश्रम में कोई विशेष समस्या है, जिनका निराकरण वे नहीं कर पा रहे है। ऐसी स्थिति में इस बात की सूचना तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारियों को देना सुनिश्चित करें। साथ ही मौखिक एवं लिखित रूप में समस्या बताते हुए निराकरण हेतु प्रभावी पहल करने के लिए निर्देशित किए हैं।

कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने कन्या छात्रावास/आश्रमों की सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं व्यवस्था हेतु अधीक्षक, चौंकीदार एवं महिला नगर सैनिक की उपस्थिति सुनिचित करने कहा है। साथ ही छात्रावास में अधीक्षक व चौंकीदार आवास गृह हेतु प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। वही बैठक में अनुपस्थित अधीक्षकों को कारण बताओं नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया है।

कलेक्टर ने सभी अधीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे सभी छात्रावास में स्थित आवास गृह में रात्रि में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी को सचेत रहने की समझाइश दी है और कहा कि छात्रावास में अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाए एवं किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोई अन्य अप्रिय घटना की स्थिति निर्मित न हो। बैठक में अधीक्षकों ने छात्रावासों की वस्तु स्थिति की जानकारी देते हुए बुनियादी सुविधाओं की कमियों से अवगत कराया।

चन्द्रकांत वर्मा ने उपस्थित सभी अधीक्षकों से कहा कि बच्चे अपने गांव और मां-बाप से दूर हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करते हैं। उन सबकी जिम्मेदारी आपके ऊपर है। आप सभी उनके साथ पालक की तरह व्यवहार करते हुए उनके भविष्य निर्माण में सहयोगी बनें। उन्होंने कहा कि कोई भी अधीक्षक बिना अनुमति या सूचना के हॉस्टल से अनुपस्थित नहीं रहेंगे। साथ ही अनुपस्थित रहने वाले व कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सभी अधीक्षकों से उनके हॉस्टल को एक मॉडल हॉस्टल के रूप में विकसित करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। इसके लिए सभी हॉस्टल में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति, नियमित साफ सफाई, निर्धारित मेनू अनुसार पौष्टिक भोजन प्रदान करने, पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा। साथ ही हॉस्टल के बच्चों का नियमित रुप से स्वास्थ्य परीक्षण कराने की भी बात कही। उन्होंने हॉस्टल में उपलब्ध स्थानों में किचन गार्डन विकसित करने की बात कही। बच्चों को अच्छा वातावरण देना आप सब की पहली प्राथमिकता साथ ही पढ़ाई में उनका फोकस करे बच्चों की पढ़ाई का समय समय पर परीक्षण करने के लिए कहा। साथ ही बच्चो को पूर्ण सहयोग प्रदान करने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर ने सभी अधीक्षकों से छात्रावासों का किए जाने वाले निरीक्षण की जानकारी लेते हुए संस्थान का नियमित निरीक्षण करने व निरीक्षण पंजी संधारित रखने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्रीकांत शर्मा एवं जिले के समस्त छात्रावास अधीक्षक उपस्थित थे।

## सीएमओ द्वारा आकस्मिक निरीक्षण में फिर नदारत पाए गए प्लेसमेंट कर्मचारी



डोंगरगढ़ (दावा)। नगर पालिका में कार्यरत कर्मचारियों की विभागीय कार्य के प्रति, लापरवाही लगातार सामने आ रही है।

कार्य अवधि के दौरान कार्यालय में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारी को लेकर सजग हुए, नगर पालिका अधिकारी लगातार आकस्मिक निरीक्षण कर रहे हैं। अनुपस्थित पाए जाने वाले कर्मचारियों को लगातार हिदायत दी जा रही है। जरूरत पड़ने पर कार्रवाई भी करने की चेतावनी देने की बात भी सामने आई है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति अनुसार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी चन्द्रकांत शर्मा के द्वारा दिनांक 08 मई को आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि, दोपहर लंच के बाद कार्यालय के लोककर्म कक्ष में ताला बंद पाया गया और निष्ठा एप से जांच करने पर पाया गया है कि प्रायः आप दोनो प्लेसमेंट श्रमिक जयेश सहारे एवं श्रीमती माधुरी मंगर, समयानुसार उपस्थिति दर्ज नहीं करते एवं समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते है। जिससे कार्यालयीन कार्य समय पर नहीं हो पा रहा है। जिससे आम नागरिकों को समय पर जवाब देने में कठिनाई हो रही हैं। यह आपके कार्य के प्रति घोर लापरवाही प्रदर्शित कर रहा है।

### कार्य से मुक्त किया जाएगा लापरवाह कर्मचारियों को

सीएमओ मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा द्वारा पालिका कार्यालय में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों को हिदायत देते हुए कहा है कि, कार्यालय में कार्य अवधि के दौरान अनुपस्थित रहने का स्पष्टीकरण, 24 घंटा के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर लिखित में जवाब प्रस्तुत करें। जवाब संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर प्लेसमेंट कार्य से मुक्त कर दिया जायेंगा।

## कलेक्टर ने जिले में स्थापित प्रथम सोलर पार्क का किया निरीक्षण



- जिले के सहसपुर में स्थापित है प्रदेश व जिले का प्रथम पुलिंग सबस्टेशन
- सोलर पार्क से हो रहा प्रतिदिन 20 मेगावाट बिजली का उत्पादन
- जिले की प्रगति के लिहाज से सौर ऊर्जा एक जरुरी परियोजना, जिस पर और ज्यादा ध्यान देने की जरुरत- कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा द्वारा आज बुधवार को ग्राम सहसपुर में स्थापित जिले के प्रथम सोलर पार्क का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सोलर पार्क के संबंध में संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस दौरान चंद्रकांत वर्मा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से चर्चा करते हुए जिले में सौर ऊर्जा को लेकर और अधिक संभानाओं पर गहन विचार-विमर्श किया। साथ ही सकारात्मक संभावनाओं की तलाश करने की बात कही।

कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने चर्चा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले की प्रगति के लिहाज से सौर ऊर्जा एक जरुरी परियोजना है, जिस पर और ज्यादा ध्यान देने की जरुरत है। जिले में जहाँ सौर परियोजना विकसित करने की संभावनाएं है, उस पर तेजी के साथ काम करना है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड खैरागढ़ के अंतर्गत ग्राम सहसपुर में मेसर्स एसआरवी सोलर ऊर्जा प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगभग 50 एकड़ भूमि में प्रदेश का प्रथम पुलिंग सबस्टेशन स्थापित किया गया है। जिसके संबंध में विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता छगन शर्मा ने बताया कि यह सोलर पार्क में 20 मेगावाट बिजली का उत्पादन प्रारंभ हो रहा है, उन्होंने बताया कि उत्पादित बिजली को ग्राम कुम्ही स्थित 132/33 केवी सबस्टेशन में इंजेक्ट किया जा रहा है। जिससे खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में बिजली आपूर्ति करने में सहूलियत हो रही है और आम उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिल रहा है। यह भी जानकारी दी कि मेसर्स एसआरवी सोलर ऊर्जा प्राईवेट लिमिटेड के द्वारा 7 सोलर कंपनियों के माध्यम से सोलर पार्क स्थापित किया गया है। इसके अलावा जिले में गंडई तहसील के ग्राम ठंडार में मेसर्स एसआरवी सोलर ऊर्जा प्राईवेट लिमिटेड के द्वारा 40 मेगावाट का नये सोलर पार्क स्थापित करने का कार्य निर्माणाधीन है, निर्माण उपरांत उत्पादित बिजली को 132/33 केवी सबस्टेशन गंडई में इंजेक्ट किया जाएगा। निरिक्षण के दौरान सहायक अभियंता केके सुनहरे एवं एसआरवी सोलर ऊर्जा प्राईवेट लिमिटेड के जनरल मैनेजर प्रोजेक्ट एस.के. सतपथी उपस्थित थे।

## रेडक्रॉस का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय : कलेक्टर

बालोद (दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि रेडक्रॉस का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय है। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसाईटी के द्वारा कोरोना काल की विषम परिस्थिति में मरीजों को भोजन, दवाईया एवं आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने जैसे अनेक पूनीत कार्य किया गया है। इसके अलावा रेडक्रॉस सोसाईटी के सदस्यों के द्वारा निक्षय मित्र बनकर 06 मरीजों को पोषण आहार देने जैसे कार्यों के अलावा स्वच्छता अभियान, यातायात, सड़क सुरक्षा अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर जनहित के कार्यों को सफ्ल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जाता है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को आज 08 मई विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। कलेक्टर चन्द्रवाल ने देहदान करने वाली सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं रेडक्रॉस सोसाईटी के आजीवन सदस्य कमला वर्मा के कार्यों को अत्यंत अतुलनीय बताते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके प्रति उन्हें विनम्र आभार व्यक्त किया। कलेक्टर ने कमला वर्मा को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम को सीईओ जिला पंचायत डॉ. संजय कन्नौजे एवं इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला बालोद के अध्यक्ष डॉ. एमके सूर्यवंशी ने भी संबोधित कर रेडक्रॉस के कार्यों की भूरी-भूरी सराहना की। कार्यक्रम में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 एवं लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान उल्लेखनीय कार्य करने वाले रेडक्रॉस के वालंटियरों को प्रशस्ति पत्र, कीट एवं बैग प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक जोशी एवं एसडीएम शीतल बंसल सहित रेडक्रॉस सोसाईटी के सदस्यों के अलावा अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## एम.ए. हिंदी के विद्यार्थियों की बिदाई



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभाग में एम.ए. अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की विदाई दी गई। प्राचार्य डॉ.अंजना ठाकुर, विभागाध्यक्ष डॉ.शंकर मुनि राय, डॉ.बी.एन. जागृत, डॉ.प्रवीण कुमार साहू सहित विभागीय प्राध्यापकों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में एम.ए. पूर्व के विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर और उपहार भेंट कर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का अभिनंदन और स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों नें अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों को अपना फीडबैक भी दिया। प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने बिदाई समारोह के आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए एम.ए. अंतिम के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने कहा कि विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे एक अच्छे नागरिक के रूप में इस संस्था की पहचान बनायें। डॉ.बी.एन. जागृत ने कहा कि सभी विद्यार्थी किसी भी तरह की उपलब्धि प्राप्त करते हैं तो उनकी जानकारी हिंदी विभाग को अवश्य दें। डॉ. प्रवीण कुमार साहू ने अपने उद्बोधन में कई प्रसंगो के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया। डॉ. गायत्री साहू, कौशिक बिशी और रितु यादव अतिथि प्राध्यापक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन छात्र मनीष कुमार और कैलाशचंद ने किया।


## रामेश्वरम धाम की यात्रा पर निकले विष्णु लोधी करेंगे प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना



डोंगरगढ़ (दावा)। कांग्रेस नेता विष्णु लोधी रामेश्वर धाम की यात्रा पर निकले हैं। इस दौरान वे तिरुचिरापल्ली में श्री रंगनाथस्वामी मंदिर और रामेश्वरम में श्री अरुल्मिगु रामनाथस्वामी मंदिर व धनुषकोडी सहित तमिलनाडु में कई मंदिरों का दर्शन कर प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि की कामना करेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व लोधी ट्रेवल्स एवं लोधी पेट्रोलियम के संचालक विष्णु लोधी 7 मई को डोंगरगढ़ से रवाना होंगे। वायु मार्ग से तिरूचिरापल्ली पहुंचेंगे। 8 मई को सुबह रंगनाथस्वामी मंदिर में दर्शन कर विद्वानों को कंबा रामायणम के छंदों का पाठ करते हुए सुनेंगे। शाम में रामेश्वरम पहुंचेंगे और 9 मई को सुबह श्री अरुल्मेगु रामनाथस्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। 10 मई को लोधी धनुषकोडी में कोठंडारामस्वामी मंदिर एवं अरिचल मुनाई भी जाएंगे। जिसके बारे में माना जाता है कि यहीं पर राम सेतु का निर्माण हुआ था। 11 मई को कन्याकुमारी में विवेकानंद स्मारक जाएंगे। 12 मई को तिरूवनंतपुरम में भगवान विष्णु का मंदिर जाएंगे। 13 मई को मदुरै में मीनाक्षी अम्बा मंदिर जाएंगे। 14 मई को तिरूपति बालाजी मंदिर जाएंगे। 15 मई को मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग दर्शन कर श्री लोधी के तीर्थ यात्रा से वापसी 17 को वापसी होंगी। यात्रा में उनके साथ उनकी पत्नी और छोटा बेटा साथ रहेंगे। सफल यात्रा के लिए परिवार के माता-पिता भाई-बहन भाभी, भतीजे, बेटी, बेटा सभी रिश्ते दार एवं इष्ट मित्रों ने सफल सुखद एवं मंगलमय यात्रा के साथ शुभकामनाएं दी है। इसके पूर्व विष्णु लोधी चार धाम में से जगन्नाथ पुरी, द्वारका, केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, ऋषि केश, हरिद्वार, मथुरा का भी यात्रा कर चुके हैं।

## परशुराम जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम

### कल 10 मई को भव्य शोभायात्रा



डोंगरगढ़ (दावा)। भगवान् परशुराम जयन्ती के पावन अवसर पर ब्राम्हण समाज डोंगरगढ़ के तत्वाधान में 3 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इस अवसर पर डोंगरगढ़ ब्लॉक के स्वजातीय ब्राह्मण परिवारों से सविनय आग्रह किया गया है कि सभी आमन्त्रण स्वीकार कर भगवान् परशुराम जयन्ती कार्यक्रम में सहभागी बन पुण्य लाभ अर्जित करें।

डोंगरगढ़-खैरागढ़ मार्ग पर केदारबाड़ी के विप्र भवन में 8 मई को महिलाओं का विविध कार्यक्रम, 9 मई दिन गुरुवार शाम 4 बजे से महिलाओं के लिए रंगोली, थाल सजाओं, मोमबत्ती जलाना व भगवान परशुराम के जीवनी पर संक्षिप्त निबंध, चौपाई, दोहा व अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

कल 10 मई शुक्रवार को शाम 4 बजे विप्र भवन से शोभायात्रा प्रारंभ (मोटर साईकिल) से नगर भ्रमण करते कार्यक्रम स्थल तक। शाम 4 बजे से सुंदरकांड पाठ किया जायेगा। 7.30 बजे भगवान् परशुरामजी की पूजा अर्चना आरती के पश्चात सामाजिक प्रतियोगिता में शामिल महिलाओं एवं बच्चों को प्रोत्साहन, विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त करने वाले विप्रवर को विप्र गौरव सम्मान व समाज के आशीर्वादक वरिष्ठजनों को सम्मान व 8.30 बजे से भोजन प्रसादी रखा गया है।

## दो दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित




डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के दिशा निर्देशन में केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर सिपेट एवं शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में प्लास्टिक टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट रोजगार की संभावनाएं विषय पर 2 एवं 3 जून को दो दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रथम दिवस के मुख्य वक्ता श्रीमती अंबिका जोशी, सीनियर टेक्निकल ऑफिसर सिपेट रायपुर ने महाविद्यालय में अध्यनरत बीएससी के छात्र-छात्राओं को सिपेट रायपुर में उपलब्ध 3 वर्षीय डिप्लोमा कोर्सेज एवं 4 वर्षीय बीटेक कोर्स के बारे में बताया प्रत्येक कोर्स में अधिकतम 60 सीट रखा गया है।

10 एकड़ परिसर में फैले संस्थान में शैक्षणिक भवन के साथ बालक एवं बालिकाओं के लिए अलग-अलग छात्रावास, प्लेसमेंट की सुविधा उपलब्ध है जो अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त है। सिपेट रायपुर का देश के विकास में अहम योगदान है। यहां अध्ययन के लिए आयु की कोई सीमा नहीं है। कार्यशाला के अंतिम में सहा.प्राध्या. रसायनशास्त्र ओमप्रकाश वर्मा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यशाला के दूसरे दिन मुख्य वक्ता देवेंद्र कुमार साहू सहायक प्राध्यापक सिपेट ने बीए, बीकॉम के छात्र-छात्राओं को सिपेट रायपुर से संबंधित जानकारी दी। सिपेट में अध्ययन के लिए सीपेट सीएटी 2024 प्रवेश परीक्षा देना पड़ता है जिसके लिए सीपेट की वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मई एवं प्रदेश परीक्षा की तिथि 9 जून है। पाठ्यक्रमों के प्रारंभ होने की संभावित तिथि प्रथम सप्ताह अगस्त प्रस्तावित है। कार्यशाला की सफलतापूर्वक समाप्ति पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई. व्ही रेवती ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करने के लिए समस्त सिपेट परिवार को आभार व्यक्त किया एवं सहा. प्राध्या. गोपाल कृष्ण यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ईश्वर, यमला, शिवानंद, अजय, ओमकार, समाज सेवक संघ के बने अध्यक्ष

राजनांदगांव (दावा)। समाज सेवक संघ की के.सी.जी. जिले की अध्यक्ष कु. दिव्या वर्मा ने ठेलकाडीह में ईश्वर साहू, बालोद जिले की अध्यक्ष कु. भुनेश्वरी साहू (रानी) ने अजय श्रीवास परसाडीह (सुरेगांव) का अध्यक्ष, राजनांदगांव जिले के अध्यक्ष भीमा साहू ने ओमकार कंवर को डोंगरगढ़ तहसील का एवं राजनांदगांव तहसील की अध्यक्ष कु. रेवती साहू ने खपरी खुर्द में शिवानंद मोहबिया को ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया है। इन नियुक्तियों पर अध्यक्ष संजीव सिंघल एवं प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती नैमिन देशमुख ने प्रसन्नता वक्त की है। राजनांदगांव जिले के अध्यक्ष भीमा साहू, प्रियांशु सिंघल, डोंगरगांव की अध्यक्ष श्रीमती रोहिणी पटेल, गठुला के अध्यक्ष हर्ष साहू, बोरी के अध्यक्ष चन्द्राहास देवांगन, तिलई के अध्यक्ष भूषणलाल देवांगन, पदुमतरा की अध्यक्ष कु. चंचल साहू, जेवरतला की अध्यक्ष कु. हेमलता ठाकुर, मुंदगांव की अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती वर्मा, नवागाँव मुड़ीपार की अध्यक्ष अमित पटेल, सुरगी के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, अश्वनी पटेल, कोटरासरार की अध्यक्ष, ममता मैथिल, अमलीडीह के गिरीश साहू, इंदामारा की अध्यक्ष कु. रूपा कंवर, ठाकुरटोला के अध्यक्ष अभिजीत सरकार, घोरदा के अध्यक्ष मनोज भट्टाचार्य, रीवागहन के अध्यक्ष मोतीलाल रावटे, खैरथा बाजार के अध्यक्ष कपिल सोनकर, ककरेल के अध्यक्ष महेन्द्र बघेल, जिला सचिव कु. पायल यादव, दुर्ग संभाग सचिव खुलेन्द्र साहू, प्राची शर्मा, तुमड़ीलेवा से बबिता लहरे, और पसौद से हिमलेश्वरी ठाकुर, पार्रीकला के अध्यक्ष आकाश यादव, फरहद (सोमनी) से विजय निषाद, भाठापारा के अध्यक्ष दिनेश पटेल टेड़ेसरा से दौलतराम साहू ने उक्त नियुक्तियों पर बधाई दी है।

## अब महालक्ष्मी न्याय योजना के नाम पर कांग्रेस मातृशक्ति को धोखा दे रही- गीता घासी साहू



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा नेत्री व राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कांग्रेस की महालक्ष्मी न्याय योजना पर कांग्रेस के दोहरे मापदंडों पर भी तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने सदैव महिलाओं के साथ छल करके केवल वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने का राजनीतिक चरित्र प्रदर्शित किया है। श्रीमती साहू ने कहा कि कांग्रेस ने 2018 के चुनाव में गंगा मैया की सौगंध खाकर महिलाओं से धोखा किया और अब महालक्ष्मी न्याय योजना के नाम पर कांग्रेस देश को मातृशक्ति को ठगने का काम कर रही है। अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू ने कहा कि कांग्रेस महालक्ष्मी योजना को लेकर ढोल तो खूब पीट रही है, लेकिन अपने घोषणापत्र में वह इस बारे में कुछ और कह रही है। श्रीमती साहू ने इस योजना को लेकर कांग्रेस के प्रचार के बोल की पोल खोलते हुए कांग्रेस घोषणापत्र में उल्लेखित बिंदुओं का खुलासा किया। कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है कि नए प्रत्येक भारतीय गरीब परिवार को बिना शर्त नगद हस्तांतरण के रूप में 1 लाख रुपए प्रतिवर्ष प्रदान करने के लिए एक महालक्ष्मी योजना शुरू करने का संकल्प लिया है। हितग्राहियों की पहचान सबसे जरूरतमंद परिवारों में से की जाएगी। इसी प्रकार यह राशि सीधे घर की सबसे बुजुर्ग महिला के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। बुजुर्ग महिला नहीं रहने पर इस परिवार के सबसे बुजुर्ग सदस्य के खाते में हस्तांतरित की जाएगी। योजना को चरणों में शुरू किया जाएगा और लाभार्थी परिवारों की संख्या और गरीबी उन्मूलन पर इसके प्रभाव का आंकलन करने के लिए हर साल समीक्षा की जाएगी। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती साहू ने कहा कि कांग्रेस एक तरफ प्रत्येक महिलाओं को एक लाख रु. सालाना देने की बात कह रही है जबकि उसका घोषणापत्र कह रहा है कि गरीब परिवारों की किसी एक महिला को यह राशि दी जाएगी। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की पूर्ववर्ती भूपेश सरकार द्वारा महिलाओं के साथ की गई धोखाधड़ी का जिक्र करते हुए श्रीमती साहू ने कहा कि महतारी सम्मान योजना के तहत प्रतिमाह 500 रुपए और विधवा और वृद्ध महिलाओं को 1000 रुपए का वादा करके पाँच साल में एक रुपया तक महिलाओं को नहीं दिया गया और अब 8,333 रुपए हर माह देने का वादा करके सत्ता हासिल करने कांग्रेस किस स्तर तक मातृशक्ति के साथ धोखाधड़ी करने की मंशा पाले बैठी है। कांग्रेस यह भी नहीं बता पा रही है कि महिलाओं को यह राशि देने के लिए उसके पास पैसे आएंगे कहाँ से?

# पहला कॉलम...

## एयर इंडिया एक्सप्रेस 70 से ज्यादा फ्लाइट रद्द

नई दिल्ली। एयर इंडिया एक्सप्रेस की 70 से ज्यादा फ्लाइट मंगलवार रात से आज सुबह तक कैंसिल या डिले हो गई। इस मामले की जानकारी न्यूज एजेंसी एएनआई द्वारा दी गई। न्यूज एजेंसी एएनआई ने विमानन सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि एयरलाइन के क्रू मेंबर्स के एक सेक्शन ने आखिरी मौके पर स्द्धष्म्र रुद्गड्ड1द्ग ले ली। हमारे केबिन क्रू के एक सेक्शन ने कल रात से आखिरी मिनट में बीमार होने की सूचना दी है, जिसके परिणामस्वरूप उड़ान में देरी और रद्दीकरण हुआ है। जबकि हम इन घटनाओं के पीछे के कारणों को समझने के लिए क्रू टीम के साथ जुड़ रहे हैं, हमारी टीमें परिणामस्वरूप हमारे मेहमानों को होने वाली किसी भी असुविधा को कम करने के लिए इस मुद्दे को सक्रिय रूप से संबोधित कर रही हैं।

इसके आगे वह कहते हैं कि हम इसके लिए अपने मेहमानों से माफी मांगते हैं। रद्दीकरण से प्रभावित मेहमानों को पूर्ण धन-वापसी या किसी अन्य तिथि के लिए मानार्थ पुनर्निर्धारण की पेशकश की जाएगी। आज हमारे साथ उड़ान भरने वाले मेहमानों से अनुरोध है कि वे हवाई अड्डे पर जाने से पहले यह जांच लें कि उनकी उड़ान प्रभावित हुई है या नहीं।

## रेप केस में बरी हुआ क्रिकेटर निखिल

नई दिल्ली। भारतीय मूल के क्रिकेटर निखिल चौधरी, जो ऑस्ट्रेलिया में खेलते हैं और बिग बैश लीग (क्क्करु) का जाना माना नाम हैं. 28 साल के निखिल चौधरी को हाल ही में 2021 में टाउन्सविले में एक 20 साल की महिला के साथ कथित बलात्कार के आरोपों से बरी कर दिया गया. अब खबर है कि बिग बैश लीग के होबार्ट हेरिकेन्स में वापसी करने वाले हैं. हालांकि, एक नया पेच सामने आया है. बता दें कि मार्च में निखिल चौधरी को 2021 में टाउन्सविले में एक 20 साल की महिला के साथ कथित बलात्कार के मामले में जूरी ने निर्दोष पाया था. क्रिकेट तस्मानिया का कहना है कि उन्हें ना तो इस आरोप और ना ही कोर्ट केस की जानकारी दी गई थी.चौधरी 2023 के अंत में ही हॉबर्ट हरिकेंस से जुड़े थे. इसके बाद फरवरी में, यानी मुकदमे से एक महीना पहले, उनका कॉन्ट्रैक्ट 2027 तक बढ़ा दिया गया था. क्रिकेट तस्मानिया की हाई परफॉर्मेंस जनरल मैनेजर सैलीएन बीम्स ने मीडिया को बताया कि फ्रेंचाइजी अभी भी निखिल के मामले में कुछ आंतरिक प्रक्रियाओं को पूरा कर रही है. उन्होंने कहा कि संभावना है कि निखिल आगामी सीजन में खेलेंगे.

## माराडोना को 1986 विश्व कप में मिली गोल्डन बॉल ट्रॉफी की होगी नीलामी

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबालर रहे दिवंगत डिएगो माराडोना को 1986 विश्वकप में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए मिली गोल्डन बॉल ट्रॉफी को नीलामी में शामिल किया गया है। अगुट्टेस नीलामी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। यह नीलामी अगले महीने फ्रांस में होगी।

यह नीलामी के लिए जाने वाली पहली गोल्डन बॉल है और अभी कीमत की पुष्टि नहीं की गई है। हालांकि उम्मीद की जा रही है कि 6 जून को नीलामी के दौरान इसकी कीमत लाखों में होगी। उनकी कप्तानी में अर्जेंटीना ने फाइनल में वेस्ट जर्मनी को 3-2 को हराकर 1986 विश्वकप की ट्रॉफी अपने नाम की थी। गोल्डन बॉल ट्रॉफी 1982 विश्वकप से शुरू की गई थी और अर्जेंटीना के ही लियोनल मेसी एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो बार गोल्डन ट्रॉफी जीती थी।

## सऊदी क्राउन प्रिंस पर जानलेवा हमले की कैसे उड़ी अफवाह?

नई दिल्ली। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वीडियो में दावा किया गया है कि मोहम्मद बिन सलमान पर जानलेवा हमला हुआ है. वीडियो सऊदी अरब की राजधानी रियाद का बताया गया. दावा किया जाने लगा कि रियाद में ही मोहम्मद बिन सलमान के काफिले पर बम से हमला हुआ.

क्या सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान पर जानलेवा हमला हुआ? क्या रियाद में सऊदी अरब के प्रिंस पर बम से आघात करने की कोशिश की गई? अगर हां तो ये साजिश किसने रची? ये तमाम सवाल, तब उठ खड़े हुए जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो गया. तो इस वीडियो और उसके आधार पर हो रहे दावे में कितनी सच्चाई है?

दरअसल, सोशल मीडिया पर अचानक एक वीडियो तेज से फैलने लगा. इस वीडियो के आधार पर दावा किया जाने लगा कि सऊदी अरब के प्रिंस पर जानलेवा हमला हुआ. वीडियो सऊदी अरब की राजधानी रियाद का बताया गया. दावा किया जाने लगा कि रियाद में ही सऊदी अरब के प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के काफिले पर बम से हमला हुआ. इस दावे के मुताबिक हमले में मोहम्मद बिन सलमान तो बच गए, लेकिन उनकी सुरक्षा में तैनात कई गार्ड मारे गए.

# सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 10 विकेट से हरा

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 10 विकेट से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 165 रन बनाए थे। 166 रन के लक्ष्य को हैदराबाद की टीम ने 10 ओवर के अंदर यानी 9.4 ओवर में हासिल कर लिया। हैदराबाद ने 62 गेंद शेष रहते मैच जीता। ट्रेविस हेड ने 30 गेंद में आठ चौके और आठ छक्के की मदद से 89 रन और अभिषेक शर्मा ने 28 गेंद में आठ चौके और छह छक्के की मदद से 75 रन की नाबाद पारी खेली। अभिषेक ने छक्के के साथ मैच को खत्म किया।

इस जीत के साथ हैदराबाद की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर आ गई है। उसके 12 मैचों के बाद सात जीत और पांच हार के साथ 14 अंक हैं। हैदराबाद का नेट रन रेट +0.406 है। वहीं, लखनऊ की यह 12वें मैच में छठी हार रही। टीम 12 अंक और -0.769 के नेट रन रेट के साथ छठे स्थान पर है। हैदराबाद का अगला मैच 16 मई को गुजरात टाइटंस और 19 मई को पंजाब किंग्स से है। यह दोनों मुकाबले हैदराबाद की टीम अपने होमग्राउंड पर खेलेगी। वहीं, लखनऊ की टीम 14 मई को दिल्ली से अरुण जेटली स्टेडियम में और 17 मई को मुंबई से वानखेड़े में भिड़ना है।



### मुंबई आईपीएल से बाहर

हैदराबाद की इस जीत का मतलब है कि हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 में प्लेऑफ के रेस से बाहर हो गई है। इस सीजन मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई है। उसके 12 मैचों में आठ अंक हैं। टीम अधिकतम 12 अंक तक पहुंच सकती है। अंक तालिका में फिलहाल कोलकाता और राजस्थान के 16-16 अंक हैं। वहीं, हैदराबाद के 12 मैचों में 14 अंक, जबकि चेन्नई-दिल्ली और लखनऊ के 12-12 अंक हैं। चेन्नई ने 11, जबकि दिल्ली-लखनऊ ने 12-12 मैच खेले हैं।

मुंबई का नेट रन रेट भी काफी कम है। 12 अंक प्लेऑफ में पहुंचने के लिए काफी नहीं होंगे। एमआई को अपने छठे आईपीएल खिताब के लिए अभी और लंबा इंतजार करना होगा। उन्होंने 2020 में अपनी पांचवीं आईपीएल ट्रॉफी जीती थी। तब से लेकर अब तक उन्होंने चार सीजन में केवल एक बार 2023 में प्लेऑफ में जगह बनाई है। 2023 में भी उन्हें गुजरात टाइटंस ने क्वालिफायर-दो में हराकर बाहर कर दिया था। तब गुजरात के कप्तान हार्दिक ही थे।

### हैदराबाद की टीम ने बनाया रिकॉर्ड

आईपीएल में 100+ रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे ज्यादा गेंद शेष रहते हुए जीतने के मामले में हैदराबाद की टीम शीर्ष पर पहुंच गई है। आईपीएल में 100+ रन के चेज में 62 गेंद शेष रहते जीतना सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले यह रिकॉर्ड दिल्ली कैपिटल्स के नाम था। उन्होंने 2022 में 116 रन के स्कोर को चेज करते हुए पंजाब किंग्स के खिलाफ 57 गेंद रहते जीत हासिल की थी।

वहीं, हैदराबाद ने किसी आईपीएल मैच में शुरुआती 10 ओवर में सबसे ज्यादा रन के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। इस मैच से पहले सनराइजर्स ने इसी सीजन दिल्ली के खिलाफ शुरुआती 10 ओवर में चार विकेट गंवाकर 158 रन बनाए थे।

### ट्रेविस हेड ने भी बना डाले कई रिकॉर्ड

ट्रेविस हेड का यह आईपीएल करियर का पांचवां अर्धशतक रहा। उन्होंने इस सीजन तीन ऐसे अर्धशतक लगाए हैं, जो 20 से कम गेंदों पर आए हैं। इसी के साथ उन्होंने जेक फ्रेजर मैकगर्क के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने मैकगर्क के साथ आईपीएल में सबसे ज्यादा तीन-तीन बार 20 से कम गेंद पर अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड बना दिया है। इतना ही नहीं आईपीएल में सबसे ज्यादा बार पावरप्ले के अंदर 50+ का स्कोर लगाने के मामले में भी हेड दूसरे नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने चार बार पावरप्ले के अंदर 50+ का स्कोर बनाया है। चारों 50+ के स्कोर इसी सीजन आए हैं। वहीं, इस लिस्ट में शीर्ष पर हैं डेविड वॉर्नर हैं। उन्होंने सबसे ज्यादा छह बार पावरप्ले के अंदर 50+ के स्कोर लगाए हैं।

ट्रेविस हेड और अभिषेक ने इस मैच में 34 गेंद में 100 रन की साझेदारी कर डाली। यह गेंद के हिसाब से आईपीएल में दूसरी सबसे तेज शतकीय साझेदारी है। इस लिस्ट में पहले नंबर पर भी यही दोनों हैं। इन दोनों ने दिल्ली के खिलाफ इसी सीजन 30 गेंद में शतकीय साझेदारी कर डाली थी।

लखनऊ ने भी कुछ अनचाहे रिकॉर्ड अपने नाम किए। टीम ने बल्लेबाजी के दौरान पहला चौका 9.1वें ओवर में जाकर लगाया। पावरप्ले में लखनऊ की टीम सिर्फ एक छक्का लगा सकी थी। पावरप्ले में एक बाउंड्री इस सीजन किसी भी टीम द्वारा लगाई गई सबसे कम बाउंड्री की संख्या है।

# अंपायर से बहस संजू सैमसन को पड़ी भारी, लगा मोटा जुर्माना, कैच पर हुआ था विवाद

**नई दिल्ली। संजू सैमसन अपने विकेट को लेकर चर्चाओं में बने हुए थे कि उन पर भारी जुर्माना भी लग गया. संजू को अंपायर से बहस करना भारी पड़ गया. आउट होने के बाद संजू को अंपायर से बहस करते हुए देखा था. अब संजू पर भारी जुर्माना लगा है. संजू पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया. आईपीएल की तरफ से आधिकारिक तौर पर संजू के जुर्माने की बात साफ की गई.**



आईपीएल की तरफ से संजू के जुर्माने पर एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा गया, ÷उन्होंने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के तहल लेवल 1 का अपराध किया है. संजू ने अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की मजूरी स्वीकारी. लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का फैसला आखिरी और बाध्यकारी है.

बता दें कि आईपीएल 2024 के 56वें मैच में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन के विकेट पर काफी विवाद देखने को मिला. दिल्ली कैपिटल्स के तेज़ गेंदबाज़ मुकेश कुमार की गेंद पर संजू कैच के ज़रिए आउट हुए थे. राजस्थान के कप्तान का कैच बाउंड्री लाइन के करीब फील्डिंग कर रहे शाई होप ने पकड़ा था.

# शेयर बाजार : निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में आया उछाल

नई दिल्ली। पूरे दिन भारी उठापटक देखने के बाद भारतीय शेयर बाजार फ्लैट बंद हुआ है. हालांकि पिछले दो सेशन से गिरावट के का सामना कर रहे मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स में तेजी देखने को मिली है. आज के सत्र में एनर्जी और ऑटो शेयरों में भी खरीदारी रही. इसके बावजूद बीएसई सेंसेक्स 46 अंकों की गिरावट के साथ 73,466 अंकों पर बंद हुआ है जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी फ्लैट क्लोज हुआ है.

आज के कारोबार में बाजार में तेजी रहने के चलते बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैपिटलाइजेशन 400 लाख करोड़ रुपये को पार करते हुए 400.85 लाख करोड़ रुपये पर क्लोज हुआ है. जबकि पिछले कारोबारी सत्र में मार्केट कैप 398.43 लाख करोड़ रुपये था.

# बांग्लादेश ने किया अपनी क्रिकेट टीम का ऐलान

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 करीब है। इसके लिए जहां एक ओर वेस्टइंडीज और अमेरिका में स्टेडियम रेडी हो रहे हैं, वहीं आईसीसी की भी अपनी तैयारी जारी है। इस बीच टीमें भी अलग अलग सीरीज खेल कर अपनी तैयारी को और भी पुख्ता कर रही हैं। टी20 विश्व कप के लिए अभी तक ज्यादातार टीमों ने अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है, लेकिन जिन टीमों की घोषणा नहीं हुई है, उसमें बांग्लादेश भी शामिल है। इस बीच अब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की ओर से जिम्बाब्वे के खिलाफ जारी सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया गया है। आईपीएल से ब्रेक लेकर वापस लौटे मु?स्तफिजुर रहमान और शाकिब अल हसन की टीम में वापसी हो गई है।



बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की ओर से बुधवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के आखिरी दो मैचों के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई है। शाकिब अल हसन ने लगभग एक साल के अंतराल के बाद वापसी की है। इससे पहले वे घरेलू मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के लिए टीम का हिस्सा थे। हालांकि कप्तानी नजमुल हुसैन शान्तो के ही ?हाथ में रहेगी। शाकिब अल हसन को भारत में आईसीसी वनडे विश्व कप के दौरान आंखों में कुछ दिक्कत हुई थी। इसके बाद उन्हें ठीक होने की सलाह दी गई थी। इसके बाद वे न्यूजीलैंड और श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं थे, लेकिन अब वापसी कर रहे हैं। बताया जाता है कि शाकिब ने खुद ही जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरुआती तीन टी20 मैचों में शामिल न होने का अनुरोध किया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया था।

इंडियन प्रीमियर लीग से वापसी के बाद मुस्तफिजुर रहमान को सीरीज के शुरुआती तीन मैचों के लिए आराम दिया गया था, वे भी अब टीम में शामिल कर लिए गए हैं और अगले मैच में खेलते हुए नजर आएंगे। सौम्य सरकार की भी वापसी हुई है, जो घुटने की चोट से अब उबर चुके हैं। बांग्लादेश ने शोरफुल इस्लाम को ब्रेक देने का फैसला किया, जबकि अफीफ हुसैन और परवेज हुसैन जगह बनाने में असफल रहे हैं।

# भारत का नया रिकॉर्ड : एक साल में विदेश से भारतीयों ने घर भेजे 111 बिलियन डॉलर

नई दिल्ली। विदेशों से घर पैसा भेजने वालों में भारतीय टॉप पर हैं. यूनाइटेड नेशंस माइग्रेशन एजेंसी ने आंकड़े पेश करते हुए कहा कि साल 2022 में दूसरे देशों से भारत में 111 बिलियन डॉलर भेजे गए हैं और यह आंकड़ा दुनिया के किसी भी देश के मुकाबले सबसे ज्यादा है. 111 बिलियन डॉलर के रेमिटेंस के साथ भारत 100 बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार करने वाला पहला देश बन गया है, जहां एक साल में विदेश से इतनी बड़ी रकम भेजी गई है. दूसरे देशों में करीब 2 करोड़ प्रवासी भारतीय रहते हैं, जो हर साल अरबों डॉलर अपने परिवारों को भेजते हैं, जिसे रेमिटेंस कहा जाता है.



इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने मंगलवार (7 मई) को 2024 की वर्ल्ड माइग्रेशन रिपोर्ट जारी की है, जिसमें बताया गया कि भारत, मेक्सिको, चीन, फिलीपींस और फ्रांस सबसे ज्यादा रेमिटेंस प्राप्त करने वाले टॉप फाइव देश हैं. वहीं, टॉप 10 लिस्ट में पाकिस्तान और बांग्लादेश का भी नाम है. इस लिहाज से सबसे ज्यादा रेमिटेंस प्राप्त करने वाले 10 देशों की लिस्ट में चार एशियन कंट्री हैं.

रिपोर्ट के अनुसार, साल 2010 में भारत में रेमिटेंस के तौर पर 53.48 बिलियन डॉलर आए थे. 2015 में 68.19 बिलियन डॉलर और 2020 में 83.15 बिलियन डॉलर प्रवासी भारतीयों ने अपने परिवारों को भेजे. रिपोर्ट में कहा गया कि सदर्न एशिया के सबसे ज्यादा माइग्रेंट वर्कर हैं इसलिए दुनियाभर में रेमिटेंस प्राप्त करने के मामले में यह सबसे आगे हैं. पाकिस्तान में 30 बिलियन डॉलर और बांग्लादेश में 21.5 बिलियन डॉलर रेमिटेंस के तौर पर प्राप्त हुए हैं.

# एस्ट्राजेनेका का बड़ा फैसला, वापस लेगी कोविड वैक्सीन

नई दिल्ली। ब्रिटेन स्थित फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन पर उठे सवाल के बाद कंपनी ने एक नया कदम उठाया है. उसने कहा है कि महामारी के बाद से उपलब्ध अपडेटेड वैक्सीन की अधिकता को देखते हुए दुनियाभर से अपने कोविड-19 वैक्सीन को वापस लेने की पहल की है. कंपनी ने यह भी कहा कि वह यूरोप के भीतर वैक्सीन वैक्सजेवरिया के मार्केटिंग ऑथराइजेशन को वापस लेने के लिए आगे बढ़ेगी.

अभी हाल ही में एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया था कि उसकी कोविड वैक्सीन से रक्त के थक्के जमाने संबंधी साइड इफेक्ट हो सकते हैं.

# भारत में हुई गूगल वॉलेट की एंट्री

नई दिल्ली। भारत में गूगल ने वॉलेट को लॉन्च कर दिया है. गूगल वॉलेट को प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है. यूजर्स गूगल वॉलेट में डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, लॉयल्टी कार्ड और गिफ्ट कार्ड स्टोर कर सकते हैं. गूगल ने इस डिजिटल वॉलेट को एंड्रॉइड यूजर्स के लिए उपलब्ध कराया है.




कंपनी ने बताया कि एंड्रॉइड यूजर्स गूगल वॉलेट के जरिए अपने कार्ड, मूवी टिकट, बोर्डिंग पास, की और आईडी सुरक्षित तरीके से स्टोर करके रख सकते हैं. यह गूगल पे एप से बिलकुल अलग होगा. गूगल पे का इस्तेमाल पैसा और फाइनेंस का मैनेजमेंट करने के लिए किया जाता है. गूगल के जीएम और इंडिया इंजीनियरिंग लीड राम पपातला ने बताया कि गूगल पे खत्म नहीं होगा. यह हमारा प्राइमरी एप बना रहेगा. गूगल वॉलेट को हमने नॉन पेमेंट उद्देश्यों के लिए तैयार किया है.

गूगल वॉलेट लोगों के डिजिटल डाक्यूमेंट्स को एक जगह सुरखित रखने के काम आएगा. गूगल का दावा है कि वॉलेट आपके रोजमर्रा के कामों को आसान बनाने का काम करेंगे. गूगल वॉलेट ने भारत में 20 बड़े ब्रांड से समझौता किया है. इनमें पीवीआर आईनॉक्स, एयर इंडिया, इंडिगो, फ्लिपकार्ट, पाइन लैब्स, कोच्चि मेट्रो और अभीबस शामिल हैं.

## प्रथम पेज का शेष

**'सीएए को राहुल की नानी भी नहीं हटा सकतीं',.....**

में सपा मुखिया अखिलेश के नहीं पहुंचने पर कहा कि वोट बैंक के डर से वह अयोध्या नहीं गए। वह नहीं बताएंगे कि उनका वोट बैंक कौन है, पर हम बताते हैं कि आप हमारा वोट बैंक हो। सपा-कांग्रेस, बसपा ने वर्षों धोखे में रखा। मोदी ने दो साल में ही जय श्रीराम कर दिया। उनका इशारा राम मंदिर निर्माण की ओर था।

सपा महासचिव रामगोपाल के राम मंदिर का वास्तु ठीक नहीं होने के बयान पर कहा कि दोनों शहजादे आ गए तो राम मंदिर में बाबरी ताला लगा देंगे। ये पाकिस्तान के मददगार हैं। इसलिए वहां इनका गुणगान होता है। मुलायम परिवार के पांच सदस्यों के चुनाव लड़ने पर कटाक्ष किया कि इनके और बच्चे नहीं हैं, वर्ना 80 सीटों पर चुनाव लड़ रहे होते।

**कांग्रेस-बीआरएस गठबंधन तुष्टिकरण की राजनीति का पर्याय है : पीएम मोदी**

अडानी के प्रति मनोग्रस्त थे लेकिन रातोंरात, उनका दृष्टिकोण बदल गया है और अब वे उनके बारे में कुछ नहीं बोलते और चुप रहते हैं।

श्री मोदी ने पूछा, अचानक आए इस बदलाव के पीछे का कारण क्या हो सकता है? यह पाखंड कहां तक जाएगा? उन्हें अडानी, अंबानी से कितना काला धन प्राप्त हुआ है?

**पांच साल में चार गुना बढ़ा विदेश जाकर ग्रेजुएट**

ने कहा कि बच्चों के करियर को लेकर पैरेंट्स काफी सजग हो गए हैं। हम देखते हैं कि 8वीं-9वीं कक्षा से बच्चे मेडिकल और इंजीनियरिंग की कोचिंग शुरु कर देते हैं। वहीं अब वे छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखकर स्कूल का चयन कर रहे हैं। आईसीएसई स्कूल के चयन के पीछा का मुख्य कारण उन्हें विदेश पढ़ाई करने भेजने का होता है। सीबीएसई के छात्र काफी गहराई से हर विषय को पढ़ते हैं, ऐसे में यूपीएससी समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में उनके बेहतर परिणाम की उम्मीद होती है।

# लाल निशान में खुला शेयर बाजार; फार्मा, रियल्टी समेत कई सेक्टर में बिकवाली



मुंबई ,08 मई । भारतीय शेयर बाजार की बुधवार के सत्र में कमजोरी के साथ शुरुआत हुई। यह लगातार चौथा सत्र है, जब बाजार मंदी के साथ कारोबार कर रहा है। शुरुआती कारोबारी में सुबह 9:25 तक सेंसेक्स 180.42 अंक या 0.26 प्रतिशत गिरकर 73,320.43 अंक पर और निफ्टी 41.50 अंक या 0.21 प्रतिशत गिरकर 22,261 अंक पर था।

अब तक के कारोबार में गिरावट लार्ज कैप और मिडकैप शेयरों तक ही सीमित है। छोटे शेयरों में तेजी देखी गई है। खबर लिखे जाने तक निफ्टी का मिडकैप 100 इंडेक्स 59 अंक या 0.12 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 49,614 अंक पर था। वहीं, स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 31.35 अंक या 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,398 अंक पर था। एनएसई पर 1275 शेयर हरे निशान में और 731 शेयर लाल निशान में थे।

सेंसेक्स पैक में एलएंडटी, एशियन पेंट्स, एचयूएल, एचडीएफसी और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप लूजर्स हैं। वहीं, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी, जेएसडब्ल्यू स्टील, एसबीआई और रिलायंस टॉप गेनर्स हैं। बाजार में गिरावट की वजह विदेशी निवेशकों द्वारा की जाने वाली बिकवाली भी है। मई माह के अब तक के कारोबारी सत्र में एफआईआई 9,194 करोड़ की बिकवाली कर चुके है। हालांकि, घरेलू निवेशकों यानी डीआईआई ने इस दौरान 5,129 करोड़ की खरीदारी की है।

जियोजित फाइनेंसियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार, वी.के. विजयकुमार ने बताया कि चुनाव के परिणामों को लेकर अनिश्चितता के कारण बाजार में दबाव देखा जा रहा है। इंडिया विक्स का अप्रैल के न्यूनतम स्तर से 72 प्रतिशत बढ़ जाने के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। निवेशकों को समझना होगा कि इंडिया विक्स निफ्टी के ऑप्शन कीमतों पर आधारित होता है। कई निवेश अपने पोर्टफोलियो हेज करने के लिए पुट ऑप्शन खरीदते हैं, जिससे कि चुनाव के परिणाम विपरीत आने पर उन्हें कम से कम नुकसान उठाना पड़े।

आगे उन्होंने बताया कि लंबी अवधि के निवेशकों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। इंडिया विक्स बाजार में अभी मान रहा है कि एनडीए वापस सत्ता में आ रहा है। लेकिन जैसे ही इस पर और अधिक स्पष्टता आएगी बाजार में एक रैली देखने को मिल सकती है।

# राकेश झुनझुनवाला की पत्नी को शेयर बाजार में हुआ 800 करोड़ नुकसान

नई दिल्ली। शेयर बाजार के दिग्गज निवेशक रहे दिवंगत राकेश झुनझुनवाला की पत्नी रेखा झुनझुनवाला को कारोबारी सत्र के दौरान 800 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। उन्हें यह नुकसान टाटा समुह के स्वामित्व वाली कंपनी टाइटन के शेयरों के टूटने से हुआ है। टाटा समूह के इस शेयर पर झुनझुनवाला परिवार ने बड़ा निवेश कर रखा है।

### झुनझुनवाला परिवार की टाइटन में करीब 5.35 प्रतिशत हिस्सेदारी

31 मार्च 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार झुनझुनवाला परिवार की टाइटन में करीब 5.35त्न की हिस्सेदारी थी। शुक्रवार को बाजार की क्लोजिंग के दौरान टाइटन के शेयरों में उनकी होल्डिंग का कुल मूल्य 16,792 करोड़ रुपये था। सोमवार को टाइटन के शेयर 7त्न तक टूट गए। मार्च तिमाही के नतीजों के बाद निवेशकों में टाइटन के शेयरों में खरीदारी के प्रति निराशा दिखी। इस गिरावट से झुनझुनवाला परिवार को खासा नुकसान उठाना पड़ा। उन्हें टाटाइन के शेयर कमजोर होने से करीब 800 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

कारोबारी सत्र के दौरान टाइटन के शेयर 3,352.25 के अपने निचले स्तर पर पहुंचने के बाद 3281.65 रुपये पर बंद हुए। इसके परिणाम स्वरूप कंपनी का नेट वैल्यू 3 लाख करोड़ रुपये से कम होकर 2,91,340.35 करोड़ रुपये रह गया। टाइटन के शेयरों में इस गिरावट से शेयरों में झुनझुनवाला परिवार की हिस्सेदारी का मूल्य 15,986 करोड़ रुपये रह गया। इस तरह झुनझुनवाला परिवार को करीब 800 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है।

# जलवायु कार्यकर्ता ने स्वीडिश संसद के प्रवेश द्वार को किया अवरुद्ध, ग्रेटा थनबर्ग पर लगाया गया इतने का जुर्माना

रायटर्स। जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थुनबर्ग पर मार्च में दो मौकों पर संसद के प्रवेश द्वार को अवरुद्ध करने के बाद पुलिस के आदेशों की अवज्ञा करने के लिए स्वीडन में जुर्माना लगाया गया है। स्टॉकहोम जिला न्यायालय ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। थुनबर्ग और चार अन्य प्रचारकों पर मुकदमा चलाया गया जब पुलिस ने उन्हें 12 और 13 मार्च को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के खिलाफ धरना प्रदर्शन के दौरान जबरन हटा दिया और उन्होंने जो कहा वह राजनीतिक निष्क्रियता थी। समाचार एजेंसी टीटी ने बताया कि थुनबर्ग पर 6,000 स्वीडिश क्राउन (550) का जुर्माना लगाया गया। अदालत के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स से पुष्टि की कि थुनबर्ग को दोषी पाया गया है, लेकिन दंड की राशि पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

# थिएट्रिकल रिलीज के बाद अब ओटीटी पर धमाल मचाएगी 'बस्तर द नक्सल स्टोरी'



**छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में नक्सली-माओवादी विद्रोह पर आधारित, सुदीप्तो सेन की 'बस्तर द नक्सल स्टोरी', 15 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. द केरल स्टोरी के मेकर्स (निर्माता विपुल अमृतलाल शाह, निर्देशक सुदीप्तो सेन) की इस फिल्म में अदा शर्मा ने लीड रोल प्ले किया है. साल की सबसे दमदार, प्रभावशाली और अच्छे रिव्यू वाली फिल्मों में से एक की च्बस्तर द नक्सल स्टोरीज् की दर्शकों ने भी काफी तारीफ की थी.**

वहीं जो लोग इस पिल्म को थिएटर में नहीं देख पाए उनके लिए गुड न्यूज है. दरअसल ये फिल्म अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है. चलिए जानते हैं की च्बस्तर द नक्सल स्टोरीज् ओटीटी के किस प्लेटफॉर्म पर कब दस्तक देगी.

बता दें कि अदा शर्मा की दमदार एक्टिंग से सजी च्बस्तर द नक्सल स्टोरीज् की डिजिटल रिलीज का काफी टाइम से इंतजार किया जा रहा था. फाइनली आज निर्माताओं ने एक नया प्रोमो जारी करके फिल्म की ओटीटी रिलीज की अनाउंसमेंट कर दी है. बता दें कि ये फिल्म ओटीटी के दिग्गज प्लेटफॉर्म जी5 17 मई, 2024 से देखने के लिए उपलब्ध होगी और इसे हिंदी और तेलुगु में एक साथ रिलीज़ किया जाएगा.

बता दें किएक्स अकाउंट पर फिल्म का नया प्रोमो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया है एक ईमानदार अधिकारी और उससे भी बड़ी योद्धा. नक्सलवाद को जड़ से मिटाने आ रही हैं नीरजा माधवन. बस्तर का प्रीमियर 17 मई को, केवल ZEE5 पर. हिंदी और तेलुगु में उपलब्ध है.

बता दें कि फिल्म में अदा शर्मा ने आईपीएस अधिकारी नीरजा माधवन की भूमिका निभाई है.ये फिल्म देश की एक महत्वपूर्ण घटना की कहानी बयां करती है जिसे हर पीढ़ी के दर्शकों को देखना चाहिए. फिल्म की शुरुआत एक कठोर, साहसिक और दमदार सब्जेक्ट से होती है जिसके बारे में पहले कभी किसी ने बात करने की हिम्मत नहीं की. विपुल अमृतलाल शाह की सनशाइन पिक्चर्स द्वारा निर्मित और आशिन ए. शाह द्वारा सह-निर्मित 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित है।

# रणवीर सिंह ने दीपिका पादुकोण की प्रेग्नेंसी के बीच क्यों डिलीट की शादी की तस्वीरें ?

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह बेबीमून को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही दोनों की तस्वीरें भी वायरल हुई थी। हालांकि इस बीच कपल किसी और वजह से चर्चा में बना रहा। रणवीर सिंह के ऑफिशियल इंस्टाग्राम से अचानक उनकी और दीपिका की शादी की सारी तस्वीरें गायब हो गई। जिसे लेकर फैंस परेशान हैं।

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की फैमिली में जल्द नया मेहमान शामिल होने वाला है। प्रेग्नेंसी के बीच एक्ट्रेस ने काम से भी ब्रेक ले लिया है और बेबीमून पर निकल गई हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की तस्वीरें वायरल हुई, जिसमें कपल प्लेन से बाहर निकलते हुए नजर आया। हालांकि, इस बीच चर्चा किसी और बात को लेकर हो रही है।

रणवीर सिंह के इंस्टाग्राम अकाउंट से उनके और दीपिका पादुकोण क शादी की सारी तस्वीरें गायब हैं। ऐसे में फैंस परेशान है कि क्या दोनों के बीच कोई प्रॉब्लम चल रही है, जिसकी वजह से रणवीर ने शादी फोटो डिलीट कर दी है, जबकि दीपिका पादुकोण के इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीरें अभी भी मौजूद हैं।

दीपिका पादुकोण की प्रेग्नेंसी के बीच रणवीर सिंह को लेकर सामने आई ये खबर सोशल मीडिया पर चर्चा में बनी हुई है। हालांकि, कपल की बेबी मून की तस्वीरों ने फैंस को थोड़ी राहत दी। वहीं, फैंस को परेशान देखकर रणवीर सिंह की टीम के सूत्रों ने बयान जारी किया है और जानकारी दी है कि कपल के बीच सबकुछ ठीक है।

रणवीर सिंह के इंस्टाग्राम से शादी की तस्वीरें गायब होने के बाद ये भी दावा किया गया कि ये एक्टर का पब्लिसिटी स्टंट है। हालांकि,



ये कम ही लोगों ने नोटिस किया कि रणवीर सिंह के अकाउंट से सिर्फ वेडिंग नहीं, बल्कि 2023 के पहले के सभी पोस्ट गायब है। रणवीर सिंह की टीम के सूत्रों ने बयान जारी करते हुए कहा कि एक्टर ने 2023 से पहले सभी पोस्ट हाइड कर दी है। इस दौरान शादी की भी तस्वीरें उनके इंस्टाग्राम अकाउंट से हट गईं। रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण के वर्क फंट की बात करें, दोनों जल्द फिल्म सिंघम अंगने में नजर आएंगे। इस फिल्म को रोहित शेट्टी डायरेक्टर कर रहे हैं। फिल्म इस साल दिवाली पर रिलीज हो सकती है।




एक्टर धर्मेंद्र और हेमा मालिनी ने हाल ही में अपनी 44th वेडिंग एनिवर्सरी सेलिब्रेट की थी. सोशल मीडिया पर उनके एनिवर्सरी सेलिब्रेशन की फोटोज काफी वायरल हुई थी. फोटोज में ईशा देओल भी पोज देती दिखीं. हालांकि, सनी देओल और बॉबी देओल इस सेलिब्रेशन का पार्ट नहीं थे.

फोटोज देखने के बाद फैंस के मन में सवाल था कि अब जब दोनों परिवारों में रिश्ते ठीक हैं तो सनी और बॉबी आखिर इस सेलिब्रेशन का हिस्सा क्यों नहीं बनें. हालांकि, रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों किसी पर्सनल कारण नहीं बल्कि प्रोफेशनल कारण की वजह से हिस्सा नहीं बने थे. सनी और बॉबी को हाल ही में द कपिल शर्मा शो में देखा गया था.

### सनी के बेटे की शादी में नहीं पहुंची थीं ईशा

बता दें कि साल 2023 में जब सनी देओल के बेटे करण की शादी हुई थी, उस वक्त भी ईशा, अहाना और हेमा इस शादी का हिस्सा नहीं बने थे. हालांकि, बाद में ईशा ने सोशल मीडिया के जरिए पोस्ट कर करण को बधाई दी थी.

सनी और बॉबी का बहन ईशा देओल से अच्छा बॉन्ड है. हालांकि, सालों पहले जब ईशा की शादी हुई थी तो दोनों भाई इस शादी का हिस्सा नहीं बने थे. धर्मेंद्र और हेमा ने ईशा की शादी की सारी जिम्मेदारी उठाई थी. उस वक्त भाईयों की गैरमौजूदगी को लेकर काफी सवाल उठे थे. जब धर्मेंद्र से सनी और बॉबी के शादी में न आने का कारण पूछा गया था तो वो काफी नाराज हो गए थे.

### जब धर्मेंद्र को आया गुस्सा

जब धर्मेंद्र से सवाल किया गया कि बड़े भईया शादी में नहीं आए हैं ? तो इस पर धर्मेंद्र गुस्से में आ गए थे और उन्होंने कहा- 'आप बकवास मत कीजिए.' धर्मेंद्र का ये स्टेटमेंट काफी खबरों में रहा था. मालूम हो कि ईशा की शादी 2012 में भरत तख्तानी के साथ हुई थी. उनके दो बेटियां हैं. हालांकि, अब दोनों साथ नहीं हैं. उन्होंने तलाक ले लिया है. ईशा ने सोशल मीडिया पर अपने तलाक की अनाउंसमेंट की थी.

# क्या प्रीति जिंटा की ख्वाहिश होगी पूरी ?



प्रीति जिंटा की खूबसूरती के आज भी फैंस दीवाने हैं। द्धक्रु 2024 दौरान के प्रीति जिंटा के जो भी वीडियो वायरल हुए हैं उसे देखकर उनके चाहने वाले बार-बार एक्ट्रेस को फिल्मी पर्दे पर देखने की गुजारिश कर रहे हैं। हाल ही में प्रीति जिंटा ने बताया था कि वह संघर्ष के सीक्वल में काम करना चाहती हैं जिस पर अब हाल ही में फिल्म के निर्देशक ने रिएक्ट किया।

प्रीति जिंटा आए दिन सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। पंजाब किंग्स की मालकिन और बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा प्रीति जिंटा की सोशल मीडिया पर आए दिन कोई न कोई वीडियो वायरल होती है, जिसे देख फैंस को उनकी फिल्मों की याद आ जाती है।

कुछ समय तक बिग स्क्रीन से दूर रहने के बाद अब प्रीति जिंटा एक बार फिर से सनी देओल के साथ लाहौर: 1947 के साथ लौटने की तैयारी में हैं। हालांकि, कई एक्ट्रेसेज की तरह 90 के दशक की इस अदाकारा की भी इच्छा है कि उनकी 1999 में रिलीज हुई सुपरहिट फिल्म का सीक्वल बने। उनकी ये ख्वाहिश पूरी होगी या नहीं, इस पर अब फिल्म की निर्देशक तनुजा चंद्रा ने रिएक्ट किया है।

साल 1999 में आई तनुजा चंद्रा निर्देशित साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म संघर्ष में अक्षय कुमार, प्रीति जिंटा और आशुतोष राणा ने प्रमुख भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में प्रीति के अभिनय को काफी सराहा गया था। अब प्रीति जिंटा की ख्वाहिश है कि इसका सीक्वल बनें।

दरअसल, कुछ दिनों पहले प्रीति जिंटा अपने एक्स अकाउंट पर फैंस के सभी सवालों के जवाब दे रही थीं, जिसमें एक प्रशंसक ने उनसे जब ये सवाल पूछा कि वह अपनी किस फिल्म का सीक्वल बनते देखना चाहती हैं? इस पर प्रीति ने बिना समय गंवाए कहा निश्चित रूप से फिल्म संघर्ष का सीक्वल बनते हुए देखना चाहती हैं।

प्रीति जिंटा के बाद अब फिल्म संघर्ष%की निर्देशक तनुजा चंद्रा ने भी सीक्वल पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि लोगों को इतने सालों बाद भी ये फिल्म याद है। रीत ओबेरॉय को बड़े पर्दे पर दोबारा पुराने अवतार में देखना काफी दिलचस्प होगाझ्।

हालांकि, तनुजा चंद्रा ने इसके साथ ही ये भी कहा कि वह अभी फिलहाल संघर्ष का सीक्वल बनाने की प्लानिंग नहीं कर रही हैं। अगर उन्हें भविष्य में कुछ इंटरेस्टिंग आइडिया मिलेगा, तो वह उस पर जरूर काम करेंगी।




# बेहद खतरनाक है अमेजन प्राइम वीडियो की ये वेब सीरीज

**ओटीटी पर तरह-तरह की वेब सीरीज मौजूद हैं. जिसमें कई तरह के जॉनर की वेब सीरीज हैं. अगर आप वेब सीरीज देखने के शौकीन हैं. मिर्जापुर और सेक्रेड गेम को सबसे बेहतरीन वेब सीरीज में से मान सकते हैं. तो शायद आपने अमेजॉन प्राइम वीडियो की एक धांसू वेब सीरीज नहीं देखी है. इस वेब सीरीज का चौथा सीजन आने वाला है. हाल ही में इसका ट्रेलर लॉन्च होने के बाद इंतजार बढ़ गया है. अब तक इसके तीन सीजन ने धमाल मचा दिया है. इसकी कहानी काफी दमदार है. आइए जानते हैं ओटीटी पर मौजूद इस वेब सीरीज के बारे में.**

हम जिस वेब सीरीज की बात कर रहे हैं, उसका नाम 'द बॉयज' है. इसका चौथा सीजन 13 जून को आ रहा है. हाल ही में ही इसका नया पोस्टर और रिलीज डेट अनाउंटमेंट किया गया है. इसमें खतरनाक एक्शन दिखाया गया है. अपशब्द भी खूब कहे गए हैं. ये हॉलीवुड सीरीज का हिंदी डब है, जिसकी कहानी बेहतरीन है.

द बॉयज की दमदार स्टार कास्ट इस वेब सीरीज के हिंदी वर्जन में दिशा पाटनी, अर्जुन कपूर और राजकुमार राव जैसे एक्टर्स ने डबिंग की है. इस सीरीज के आगे आपको 'मिर्जापुर' और 'सेक्रेड गेम' भी फीकी नजर आएंगी. इसकी कहानी में एक सुपरविलेन हैं, जिसका जन्म टेस्ट ट्यूब बेबी के जरिए हुआ है. उसमें कई एक्सपेरिमेंट्स कर सुपरपावर डाली जाती है. इसका इस्तेमाल कर वह अच्छा बनने का नाटक करता है लेकिन दूसरी तरफ बुरे काम भी करता रहता है. इस तरह होता है सुपरविलेन का अंत सुपरविलेन से लड़ने के लिए सताए गए लोग सामने आते हैं. इसके लिए अपनी बॉडी पर साइंटिफिक एक्सपेरिमेटंट कर उसका खात्मा करते हैं. 'द बॉयज' का पहला सीजन 5 साल पहले जुलाई 2019 में रिलीज हुआ था. इसकी आईएमडीबी रेटिंग 8.7 है. इस सीरीज का दूसरा पार्ट सितंबर, 2020 और तीसरा जून, 2022 में आया था. तीनों सीजन की रेटिंग 8.5 से ज्यादा है. 'द बॉयज' का चौथा सीजन इसी साल जून में आने वाला है.

# विदेशी मंच पर आलिया भट्ट का देसी टोटका!



एक्ट्रेस आलिया भट्ट एक मात्र बॉलीवुड अभिनेत्री रहीं जो मेट गाला 2024 का हिस्सा बनीं। उन्होंने अपने ट्रेडिशनल और स्टालिश अंदाज से लोगों का दिल जीत लिया। इस दौरान लोगों का ध्यान एक्ट्रेस के कान पीछे लगे टीके ने खींचा।

एक्ट्रेस आलिया भट्ट ग्लोबल स्टार बन गई हैं। इस साल वो एक मात्र भारतीय एक्ट्रेस रहीं जो मेट गाला 2024 का हिस्सा बनीं। मेट गाला के विदेशी मंच पर एक्ट्रेस ने ट्रेडिशनल अंदाज में जलवे बिखेरे। उन्होंने किसी हैवी गाउन को नहीं बल्कि भारतीय परिधान साड़ी को इस खास मौके के लिए चुना। आलिया भट्ट फ्लोरल साड़ी में बला की खूबसूरत लगीं। लोगों की निगाहें एक्ट्रेस पर ही टिक गईं। इतना ही नहीं लोगों को आलिया का ये लुक काफी पसंद आया। अब लुक के साथ ही एक्ट्रेस की एक और चीज की खूब चर्चा हो रही है। मेट गाला में एक्ट्रेस ने अपने मेकअप में कुछ ऐसा एड ऑन किया कि लोग देखते रह गए।

आलिया ने किया देसी टोटका

दरअसल आलिया की एक तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है, जिस पर हर किसी की नजर जा रही है। लोग एक टक इस तस्वीर को देख रहे हैं और लोगों का कहना है कि विदेशी मंच पर भी एक्ट्रेस अपना देसी अंदाज और टोटका नहीं भूलीं। दरअसल आलिया भट्ट ने कान के पीछे काला टीका लगाया था। भारतीय मान्यताओं के अनुसार बुरी नजर से बचने के लिए काजल से काला टीका लगाया जाता है। ये काला टीका हर बुरी बला से बचाता है। एक्ट्रेस भी इस देसी टोटके में विश्वास रखती हैं, यही वजह है कि उन्होंने कान के पीछे काला टीका लगाया है।

आलिया का मेट गाला लुक

आलिया भट्ट के लुक की बात करें तो उन्होंने डिजाइनर सब्यासाची की साड़ी कैरी की। टील ग्रीन साड़ी पर फ्लोरल प्रिंट और एंब्रॉइडरी हुई थी। ये साड़ी उनके पुराने कलेक्शन में से एक थी। इसे बनाने में 1965 घंटे लगे और 163 शिल्पकारों ने बना कर तैयार किया है। याद दिला दें, ऐसी ही साड़ी दीपिका पादुकोण और कटरीना कैफ भी पहन चुकी हैं।

पिछली बार इस अंदाज में दिखी थीं आलिया याद दिला दें, आलिया ने मेट गाला 2023 में पहली बार शिरकत की था। पिछले साल मेट गाला की थीम %कार्ल लेगरफेल्ड: ए लाइन ऑफ ब्यूटी% थी। इसी थीम को ध्यान में रखते हुए एक्ट्रेस ने प्रबल गुरुंग द्वारा डिजाइन किया गया खूबसूरत व्हाइट गाउन चुना। उस आउटफिट में भी वो काफी खूबसूरत लगी थीं। उनका पूरा गाउन मोतियों से सजा हुआ था। बात करें एक्ट्रेस के वर्कफ्रंट की तो वो जल्द ही %जिगरा% में नजर आएगी। इस फिल्म में उनके साथ वेदांग रैना नजर आएंगे। इस फिल्म को एक्ट्रेस करण जौहर के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रही हैं। इसके अलावा भी आलिया की पाइपलाइन में कई प्रोजेक्ट्स हैं।

# आज जारी होंगे दसवीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बीते दिनों 10वीं व 12वीं का परीक्षा का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। उसके परिणाम आने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार आज 9 मई को उक्त बोर्ड परीक्षा के नतीजे घोषित किये जाएंगे। छत्तीसगढ़ बोर्ड रिजल्ट 2024 का परिणाम 9 मई को जारी होगा। वैसे भी 9 या 10 को छत्तीसगढ़ शिक्षा मंडल के 10वीं-12वीं का परिणाम घोषित किए जाने की जानकारी मिली थी। अब जानने में आ रहा है कि आज 9 मई को उक्त परिणाम जारी किए। इस सन्दर्भ में जानकारी देते हुए राजनांदगांव जिले की बोर्ड के समन्वयक के अध्यक्ष स्टेट हाई स्कूल के प्राचार्य एन.एस. पट्टा ने बताया कि जिले में 10 वीं बोर्ड से कुल 12910 विद्यार्थी व 12 वीं के लिए 10020 बच्चे परीक्षा में बैठे थे। छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा 2024 में इस




**जिले में 10वीं के 12910 एवं 12 वीं के 10020 बच्चे परीक्षा में हुए शामिल**

वर्ष 10वीं कक्षा बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 2 मार्च से 24 मार्च तक तथा 12वीं क्लास की परीक्षाओं का आयोजन 1 से 31 मार्च तक किया गया था। पूरे प्रदेश भर में उक्त परीक्षा के लिए कुल 7 लाख छात्रों ने भाग लिया है। जिसमें 12वीं से 4 लाख और 10 वीं के करीब 3 लाख छात्र शामिल है। बताया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल के सभागृह में परीक्षा परिणाम जारी किए जाएंगे जिसके नतीजे बोर्ड के अध्यक्ष रेणु पिल्ले जारी करेगी।

छ.ग. बोर्ड परीक्षा के राजनांदगांव समन्वयक केन्द्र के सह प्रभारी एस के तिवारी व स्टेट हाई स्कूल के शिक्षक राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि 9 मई को 12 बजे स्कूल में परीक्षा परिणाम का आंकलन करने बैठा जाएगा। इसके बाद जिले भर के 10 वीं, 12वीं के बच्चों के रिजल्ट की जानकारी दे दी जाएगी। उन्होंने बताया कि स्टेट हाई स्कूल से 2-3 बच्चे का टॉप में आने की संभावना है। रिजल्ट आने पर ही वस्तु स्थिति की जानकारी हो सकेगी। बताया गया कि परीक्षा परिणाम भी जानकारी नेट द्वारा पब्लिश किया जाएगा।

# शराब कारोबारी त्रिलोक सिंह उर्फ पप्पू ढिल्लन के घर ईओडब्ल्यू का छापा



दुर्ग। छत्तीसगढ़ के चर्चित शराब घोटाला मामले में पुलिस रिमांड पर चल रहे शराब कारोबारी त्रिलोक सिंह उर्फ पप्पू ढिल्लन के घर पर ईओडब्ल्यू की छापे की कार्यवाही जारी है। ईओडब्ल्यू के एक दर्जन से अधिक अधिकारी त्रिलोक सिंह पप्पू ढिल्लन के निवास नेहरू नगर में पहुंचे और कस्टडी में लेकर उनके घर पर आए हुए हैं। पिछले दिनों ईओडब्ल्यू ने जब घर पर छापा मारा था उस समय त्रिलोक सिंह ढिल्लन घर से गायब थे छापे की कार्वाई के दौरान कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य भी बरामद हुए तो वहीं बहुत से अलमीरा सील कर दिए गए थे जिसके बाद आज पुलिस कस्टडी में त्रिलोक सिंह ढिल्लन को लेकर ईओडब्ल्यू के अधिकारी उनके नेहरू नगर स्थित बंगले पर पहुंचे और इस समय बंगले के अंदर कार्यवाही जारी है। बंगले के सभी गेटों पर सुरक्षा के तौर पर पुलिसकर्मी तैनात हैं। त्रिलोक सिंह ढिल्लन की पुलिस रिमांड आज खत्म हो रही है देर शाम त्रिलोक सिंह ढिल्लन को न्यायालय में पेश किया गया। छापे की कार्वाई में क्या-क्या हासिल हुआ है इस संबंध में ईओडब्ल्यू के अधिकारी कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं।

# श्री छत्तीसगढ़ लोहाणा महिला मंडल ने किया छाछ वितरण



**रायपुर( दावा )। श्री छत्तीसगढ़ लोहाणा महिला मंडल द्वारा आज दिनांक 08 मई को भारी गर्मी से राहत दिलाने राहगीरों को बुढ़ापारा के बिजली ऑफिस चौक में नि:शुल्क छाछ वितरण कार्यक्रम किया गया जिसमें शहर की प्रतिष्ठित कंपनी के छाछ के पाउच को ठंडा कर के वितरण कर के लगभग 2000 पेकेट वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में श्री छत्तीसगढ़ लोहाणा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रेखा रायचुरा, पुष्पा वर्मा, ज्योतिका मजीठिया, इंदिरा मजीठिया, पदमा मिरानी, नेहा माणेक, योगिता पुजारा आदि उपस्थित थे।**

# युगांतर में समर कैंप का शानदार समापन

राजनांदगाँव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी युगांतर पब्लिक स्कूल में समर कैंप का शानदार समापन हुआ। यह दस दिवसीय प्रभावकारी आयोजन नगर की सभी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए रखा गया था, जिसमें उन्होंने योगा, जुम्बा, बैडमिंटन, स्केटिंग, कराटे, चेस, स्विमिंग, चित्रकला, कैलीग्राफी, नृत्य, संगीत, रोबोटिक्स के प्रशिक्षण के साथ एडवेंचर्स स्पोर्ट्स का भी प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस आयोजन में विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ नगर के सभी स्कूलों विद्यार्थियों के बीच गजब का उत्साह दिखलाई पडा। बच्चे स्केटिंग, स्विमिंग आदि गतिविधियों में निखार लाते



नजर आए। बच्चों के पालकगण भी अपने बच्चों की प्रतिभा विकसित होने पर आल्हादित दिखलाई पड़े।

बच्चों ने नई उमंग और उत्साह के साथ इस कैंप में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को विकसित किया। इस दौरान बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता भी

**० नगर के विद्यार्थियों में गजब का उत्साह दिखा**

आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समर कैंप में विभिन्न राज्यों से आए विद्यालय में कार्यरत प्रशिक्षकों द्वारा सेवाएँ दी गई, जिसमें खेल शिक्षक राजेंद्र तिवारी, रामनाथ रजक, नवनीत द्विवेदी, दीपक धुर्वे, संतोष यादव, टुकेश्वर चंद्राकर, पारख साहू, खेवन निषाद, रेणुका साहू, राम प्रसाद, कला शिक्षक अजय चौरसिया, ज्ञानेश पटेल, डांस टीचर प्रवीण राजन, अमिषा सोनी, गोपी पटेल, अक्षय केहरि, आकांक्षा चतुर्वेदी, रोबोटिक्स शिक्षक सुशील यादव, सामाजिक विज्ञान शिक्षिका स्मिता नायर, तनुश्री मुखर्जी ने समर कैंप प्रभारी वंदना सिंह के मार्गदर्शन में इस आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित करने में अहम योगदान दिया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (स्पोर्ट्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया, प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी, पी आर ओ, स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने बड़ी संख्या में नगर के विद्यार्थियों द्वारा अपनी प्रतिभा को विकसित करने पर हर्ष प्रकट किया है।

# 'जीएसटी की वसूली के लिए केंद्र जबरदस्ती न करें', सुप्रीम कोर्ट ने कहा- कारोबारियों को धमकाया नहीं जाए

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने जीएसटी की वसूली के लिए कारोबारियों के खिलाफ तलाशी और जब्ती अभियानों के दौरान %धमकी और जोर-जबरदस्ती% का इस्तेमाल नहीं करने का केंद्र सरकार को निर्देश देते हुए बुधवार को कहा कि उन्हें स्वेच्छा से बकाया चुकाने के लिए मनाया जाए।

जस्टिस संजीव खन्ना, एमएम सुंदरेश और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि जीएसटी कानून के तहत ऐसा कोई प्रविधान नहीं है, जो अधिकारियों को बकाया राशि के भुगतान के लिए बल के इस्तेमाल का अधिकार देता हो। शीर्ष अदालत की यह पीठ जीएसटी अधिनियम के विभिन्न प्रविधानों की जांच कर रही है।

**भुगतान स्वेच्छा से किया जाना चाहिए**

पीठ ने केंद्र सरकार की तरफ से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा, तलाशी और जब्ती के दौरान किसी भी व्यक्ति को कर देनदारी का भुगतान करने के लिए बाध्य करने की इस अधिनियम के तहत कोई शक्ति नहीं है।

अपने विभाग से कहें कि भुगतान स्वेच्छा से किया जाना चाहिए और किसी भी बल का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। आपको कथित अपराधी को सोचने-समझने, सलाह लेने और देनदारी पूरी करने के लिए तीन-चार दिन का समय देना होगा। यह स्वैच्छिक होना चाहिए और किसी भी तरह की धमकी या जबरिया कार्रवाई का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

एसवी राजू ने जीएसटी वसूली के दौरान अतीत में बल प्रयोग होने की आशंका को खारिज नहीं करते हुए कहा कि तलाशी और जब्ती के दौरान ज्यादातर भुगतान स्वैच्छिक ही हुए हैं। उन्होंने जीएसटी अधिनियम पर दिनभर चली सुनवाई में कहा कि वसूली के दोनों तरीकों की संभावना है, लेकिन ज्यादातर भुगतान स्वेच्छा से या वकील से परामर्श कर कुछ दिनों के बाद किए जाते हैं। हां, अतीत में कुछ उदाहरण हो सकते हैं लेकिन यह मानक नहीं है।

इस पर पीठ ने कहा कि कई याचिकाकर्ताओं ने अधिकारियों पर तलाशी और जब्ती अभियान के दौरान धमकी और जबरदस्ती करने के आरोप लगाए हैं। पीठ ने कहा, हम जानते हैं कि किसी व्यक्ति की तलाशी और जब्ती के दौरान क्या होता है। यदि कर भुगतान से इन्कार किया जाता है, तो आप संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क कर सकते हैं। लेकिन आपको परामर्श करने, सोचने और विचार करने के लिए कुछ समय देना होगा। आप उसे धमकी और गिरफ्तारी के दबाव में नहीं रख सकते हैं।




# छत्तीसगढ़ से होकर चलने वाली 20 ट्रेनें रद्द

राजनांदगांव (दावा)। रेल यात्री ध्यान दें। छत्तीसगढ़ से होकर चलने वाली कई ट्रेनों को रेलवे प्रशासन ने रद्द कर दिया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) रेलवे स्टेशन एलएचएस पुशिंग का काम किया जाएगा। इस काम की वजह से छत्तीसगढ़ से होकर चलने वाली कुछ ट्रेनें कैंसिल रहेगी।



रेलवे प्रशासन की ओर से अधोसंरचना विकास के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) रेलवे स्टेशन एलएचएस पुशिंग का काम किया जाएगा। यह काम आठ से 10 मई तक और 19 से 30 मई तक किया जा रहा है। इसके वजह से ट्रेनें कैंसिल रहेगी।

**ये ट्रेनें रहेगी कैंसिल**

आठ से 10 मई तक डोंगरगढ़ से चलने वाली 08711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। नौ से 11 मई तक गोंदिया से चलने वाली 08712 गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। आठ से 10 मई तक गोंदिया से चलने वाली 08713 गोंदिया-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। नौ से 11 मई तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08716 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) -गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। नौ से 11 मई तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08756 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। नौ से 11 मई तक रामटेक से चलने वाली 08751 रामटेक-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। आठ से 10 मई, 2024 तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08754 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) ङ्करामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। आठ से 10 मई तक रामटेक से चलने वाली 08755 रामटेक-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। आठ से 10 मई तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08714 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) बालाघाट मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। आठ से 10 मई तक बालाघाट से चलने वाली 08715 बालाघाट-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। आठ से 10 मई तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08281 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-तिरोडी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

आठ से 10 मई तक तिरोडी से चलने वाली 08284 तिरोडी-तुमसर रोड पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। आठ से 10 मई तक तुमसर रोड से चलने वाली 08283 तुमसर रोड-तिरोडी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। आठ से 10 मई तक तिरोडी से चलने वाली 08282 तिरोडी- सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। छह से आठ मई तक टाटानगर से चलने वाली 18109 टाटानगर-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) एक्सप्रेस रद्द रहेगी। आठ से 10 मई तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 18110 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। आठ से 10 मई तक नागपुर से चलने वाली 11201नागपुर- शहडोल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। नौ से 11 मई तक शहडोल से चलने वाली 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 19 से 30 मई तक नागपुर से चलने वाली 11201नागपुर- शहडोल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 20 से 31 मई तक शहडोल से चलने वाली 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

**अस्थायी रूप से रद्द होने वाली ट्रेनें**

8, 10, 11, 13, 15, 17, 18, 20, 22, 24, 25, 27, 29 और 31 मई को सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 11755 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

# खाना मांगना पड़ा भारी, पत्नी ने दांत से काटा गुप्तांग, लहूलुहान पुलिस की चौखट पर पहुंचा पीड़ित पति

बालोद (दावा)। बालोद जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। छोटी सी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्साई महिला ने अपने पति के प्राइवेट पार्ट को दांतों से काट दिया. इस घटना में जख्मी पति अस्पताल पहुंचकर इलाज कराया। वहीं मामले में पत्नी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराया। यह मामला डौंडीलोहारा के संजारी चौकी का है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खेरथा बाजार चौकी संजारी का रहने वाला पुनीत राम सिन्हा 34 वर्ष मजदूरी का कार्य करता है. बीते 6 मई की दोपहर को वह घर में था. उसने अपनी




पत्नी सरिता बाई जो सो रही थी उससे खाना मंगा तो पत्नी ने गुस्से में खुद निकाल कर खाने बोलने लगी. जिस बात पर विवाद बढ़ा और पत्नी ने पति को खूब गालियां देनी शुरू की और मना करने पर पत्नी ने पति के गुप्तांग को दांतों से काट दिया. जिससे उसके गुप्तांग से खून आने लगा. वहीं घटना को अंजाम देने के बाद पत्नी मौके से भाग गई. इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई. बहरहाल, मामले में पुलिस ने आरोपी पत्नी के खिलाफ डौंडीलोहारा थाने में धारा 294, 506, 323 के तहत मामला दर्ज कर लिया है.




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com